सुविचार

निगाह चौमुखी रहे, विचार लक्ष्य पर रहे, जिधर से शत्रु आ रहा, उसी तरफ नजर रहे।

-वंशीधर शुक्ल

Daily

THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

द फोटोन न्यूज Published from Ranchi

Ranchi ● Tuesday, 03 February 2026 ● Year : 05 ● Issue : 21 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com

E-Paper : epaper.thephotonnews.com

12

Bhumi Pednekar Felicitated...

SHARE

संसेक्स	:	81,666.46
निफ्टी	:	25,088.40

SARAFA

सोना	:	14,040
चांदी	:	300.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

तीनों सेनाओं के लिए फ्यूचर वॉरफेयर कोर्स शुरू

NEW DELHI : तीनों सेनाओं के लिए तीसरा फ्यूचर वॉरफेयर कोर्स सोमवार से मानेकशॉ सेंटर में शुरू हुआ, जो 25 फरवरी तक चलेगा। एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय के तत्वावधान में और संयुक्त युद्ध अध्ययन केंद्र (सीईएनजेओडब्ल्यूएस) के सहयोग से संचालित इस कोर्स में विशिष्ट विषयों का अध्ययन कराया जायेगा। साथ ही सैन्य अभियानों में क्षेत्र विशिष्ट पर आधारित युद्धक क्षेत्र के बदलाव को भी इस कोर्स में शामिल किया गया है। सेना के अनुसार यह कोर्स इस बात की गहन समझ विकसित करने पर केंद्रित है कि प्रौद्योगिकी युद्ध संचालन को कैसे प्रभावित कर रही है। इसके लिए हमारी सोच, अवधारणाओं, सिद्धांतों, रणनीतियों और युद्ध रणनीति पर पुनर्विचार करना आवश्यक है। इसमें महत्वपूर्ण विषयों का गहन अध्ययन, उभरती प्रौद्योगिकियों के व्यावहारिक प्रदर्शन और रक्षा बलों की क्षमताओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण संस्थानों का दौरा भी शामिल है। इस कोर्स में तीनों सेनाओं के साथ-साथ रक्षा क्षेत्र से जुड़े स्टार्टअप, एमएसएमई, डीपीएसयू और निजी उद्योगों के प्रतिनिधि भी शामिल हैं।

इंदौर में दूषित पानी से एक और मरीज की मौत

INDORE : मध्य प्रदेश के इंदौर शहर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी पीने से फैली बीमारी के कारण एक और मरीज की मौत हो गई। एक माह से भी अधिक समय से अस्पताल में भर्ती बुजुर्ग महिला मरीज रविवार देर रात इलाज के दौरान तोड़ दिया। इसके बाद क्षेत्र में दूषित पानी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 32 हो गई है। जानकारी के अनुसार, भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी से फैली बीमारी के बाद करीब एक माह पहले 65 वर्षीय अनिता कुशवाह की तबीयत बिगड़ गई थी। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया था। उनका 04 जनवरी से बॉम्बे हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था। वे वेंटिलेटर सपोर्ट पर थीं।

केंद्रीय बजट में रेलवे के विकास के लिए झारखंड को मिले 7536 करोड़

₹63470 करोड़ की योजनाओं पर चल रहा काम, रानी कमलापति स्टेशन की तर्ज पर रांची स्टेशन होगा डेवलप

यात्रियों की सुविधा के लिए प्रदेश के लोगों को मिलेंगी दो जोड़ी नई अमृत भारत ट्रेनें

PHOTON NEWS RANCHI : आम बजट पेश होने के बाद सोमवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव कई डिविजनों के जीएम और डीआरएम के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग राज्यों को बजट में कितनी राशि की योजनाएं दी गईं, इसकी जानकारी साझा की। साथ ही बताया कि झारखंड को 7536 करोड़ रुपये दिए गए है। उन्होंने कहा कि राज्य में 63,470 करोड़ रुपए की योजनाओं पर काम जारी है। इसमें लाइन बिछाने, स्टेशन री-डेवलपमेंट और सेफ्टी जैसे मुख्य काम शामिल है। उन्होंने कहा कि इससे झारखंड के यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। इसके अलावा दो अमृत भारत ट्रेनों के परिचालन को भी मंजूरी दी गई है।

- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव कई डिविजनों के जीएम और डीआरएम के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े
- लाइन बिछाने, स्टेशन री-डेवलपमेंट और सेफ्टी जैसे होंगे मुख्य कार्य
- 57 रेलवे स्टेशनों को अमृत स्टेशन योजना के तहत किया जा रहा विकसित रांची डिविजन में भी 15 स्टेशनों का होगा कायाकल्प

तीन महीने में स्टेशनों का पूरा हो जाएगा काम

रांची रेल डिविजन के डीआरएम करुणानिधि सिंह ने बताया कि झारखंड में 57 रेलवे स्टेशनों को अमृत स्टेशन योजना के तहत डेवलप किया जा रहा है। रांची डिविजन में भी 15 स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है। इसमें एक स्टेशन गोबिंदपुर रोड का उद्घाटन पीएम नरेंद्र मोदी कर चुके हैं। इसके अलावा 3 स्टेशनों का काम पूरा होने को है। इन स्टेशनों में लोहरदगा, पिस्का, गोबिंदपुर रोड, बानो, ओरगा, बालसीरिंग, नामकुम, टाटीसिल्वे, मुरी, रामगढ़ कैंट, झालिदा, सुइसा, तुलिन शामिल है। अगले तीन महीने में इन स्टेशनों का काम पूरा हो जाएगा।

रांची के रास्ते एक अमृत भारत ट्रेन

12 वंदे भारत झारखंड से होकर चल रही हैं। उन्होंने कहा कि 2 अमृत भारत ट्रेन और झारखंड को मिलने वाली है। जिसमें एक ट्रेन धनबाद से कोयंबटूर वाया रांची अमृत भारत ट्रेन का परिचालन होगा। इसके अलावा एक और ट्रेन की जानकारी फिलहाल रेलवे की ओर से नहीं दी गई है। लाइन डबलिंग को प्राथमिकता में रखा गया है। रांची से टोरी और चांडिल से मुरी और मुरी से बरकाकाना लाइन डबल करने की योजना है। इसके साथ ही रांची से हटिया के बीच चार लाइन बिछाने की भी योजना है।

वर्ल्ड क्लास बनेगा रांची स्टेशन, रैंप और लिफ्ट की सुविधा

डीआरएम ने बताया कि रांची डिविजन में कई प्रोजेक्ट चल रहे है। इसमें रांची और हटिया स्टेशन का रीडेवलपमेंट भी किया जा रहा है। अगले दो महीने में रांची का साउथ गेट बनकर तैयार हो जाएगा। इसके बाद पैसेंजर्स को कुछ नया मिलेगा। एयरपोर्ट की तरह सुविधाएं रांची स्टेशन पर मिलेंगी। रानी कमलापति स्टेशन की तर्ज पर रांची स्टेशन को नया लुक दिया जा रहा है। वर्ल्ड क्लास स्टेशन में लोगों को अराइवल-डिपार्चर के लिए अलग-अलग रास्ते होंगे। वहीं डिजेबल्स के लिए रैंप और लिफ्ट की सुविधा मिलेगी। वेटिंग एरिया और फूड लाउंज भी यात्रियों के लिए होगा।

सेरेंगसिया के शहीदों को मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि, विकास योजनाओं की सौगात

अधिकारों के लिए लड़ने की प्रेरणा देते हैं वीर शहीद : हेमंत

PHOTON NEWS CHAIBASA : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोन्टो प्रखंड स्थित सेरेंगसिया गांव पहुंचे। यहां उन्होंने शहीद स्थल पर सेरेंगसिया घाटी में बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले वीर शहीदों की यह धरती आज भी अधिकारों की लड़ाई के लिए प्रेरणा देती है। सेरेंगसिया घाटी में यहां के वीर आदिवासियों ने 1837 में अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए थे। बाद में ब्रिटिश सिपाहियों ने छलपूर्वक क्रांतिकारियों को गिरफ्तार कर इसी घाटी में फांसी पर लटका दिया था।

इसी कड़ी में उन्होंने कहा कि उनकी सरकार रांची से नहीं, गांवों से चलती है। झारखंड की सरकार फाइलों और हेडक्वार्टर तक सीमित नहीं है, बल्कि गांव-गांव तक पहुंचने वाली, जनता को उसका अधिकार देने वाली और जनता के सुख-दुख की जिम्मेदारी उठाने वाली सरकार है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने कई विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

गांव-गांव तक पहुंचने और जनता के सुख-दुख की जिम्मेदारी उठाने वाली है हमारी सरकार

1479 युवाओं को विभिन्न विभागों के सौंपे गए नियुक्ति पत्र

हेमंत ने राज्य के 1479 युवाओं को विभिन्न विभागों के नियुक्ति पत्र सौंपे। नियुक्ति पत्र पाते ही युवाओं के चेहरों पर उम्मीद और आत्मविश्वास साफ नजर आया। मुख्यमंत्री ने कहा कि - सरकार आपके द्वार- कार्यक्रम के तहत गांवों में जाकर समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। उन्होंने बीते दौर पर तंज कसते हुए कहा कि पहले गांवों में बिजली नहीं आती थी, लेकिन बिल जरूर पहुंच जाता था। अब सरकार ने एकमुश्त बिजली बकाया माफ कर 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने का फैसला किया है। शिक्षा और आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी को मजबूत बनाना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने असम में आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि एक ही देश में आदिवासियों के लिए दो तरह के कानून लागू होना दुर्भाग्यपूर्ण है।

भाजपा ने राज्य को बना दिया था लूट का केंद्र

राजनीतिक हमले के दौरान मुख्यमंत्री ने भाजपा पर आरोप लगाया कि झारखंड के 25 वर्षों में भाजपा ने राज्य को लूट का केंद्र बना दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकारें वादों से मुकरती रहीं, जबकि झामुमो की सरकार वादों को निभाने का काम कर रही है। महिलाओं के सशक्तीकरण का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि मंईयां सम्मान योजना से महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। केवल पश्चिमी सिंहभूम जिले में ही दो लाख से अधिक महिलाएं इस योजना का लाभ उठा रही हैं। वहीं, जेपीएससी के माध्यम से हजारों युवाओं को नौकरी दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2026 के पहले महीने तक 25-26 हजार नियुक्तियां दी जा चुकी हैं और यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

ईसीआईआर दर्ज करने के बाद ईडी की जांच तेज, 28 अफसरों से मांगा संपत्ति ब्योरा

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड पब्लिक सर्विस कमीशन (जेपीएससी) की द्वितीय सिविल सेवा परीक्षा घोटाले में एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट यानी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एनफोर्समेंट केस इनफॉरमेशन रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज करने के बाद मनी लाउंड्रिंग के बिंदु पर जांच तेज कर दी है। ईडी ने इस मामले में सेंट्रल ब्यूरो इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) की ओर से आरोपित झारखंड पुलिस और प्रशासन के 28 अधिकारियों से संबंधित विस्तृत जानकारी मांगी है। सीबीआई द्वारा जेपीएससी-2 में हुए घोटाले की जांच के बाद आरोपपत्र दायर किया जा चुका है। आरोपित सभी 28 अधिकारी फिलहाल जमानत पर हैं। जानकारी के अनुसार, सीबीआई ने कुल 60 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें जेपीएससी के छह अधिकारी, ग्लोबल इंफॉरमेटिक्स के एक, गलत तरीके से सफल घोषित 28 परीक्षार्थी और 25 परीक्षक शामिल थे। ईडी ने ईसीआईआर में इन सभी को अभियुक्त बनाया है। इस परीक्षा में सफल होकर अफसर बने राज्य प्राशसनिक सेवा के अधिकारी अब एडीएम रैंक में प्रोन्नत हो चुके हैं। राज्य पुलिस सेवा के दो अधिकारी प्रोन्नत होकर आईपीएस रैंक में नियुक्त हो चुके हैं।

द्वितीय जेपीएससी घोटाला

- सीबीआई की ओर से कोर्ट में दाखिल की जा चुकी है चार्जशीट
- राज्य पुलिस सेवा के दो अधिकारी प्रोन्नत होकर आईपीएस रैंक में हो चुके हैं नियुक्त
- राज्य प्राशसनिक सेवा के कई अधिकारी अब एडीएम रैंक में हो चुके हैं प्रोन्नत

पुलिस व राज्य प्रशासनिक सेवा के कई अधिकारी दायरे में

इस सूची में पुलिस उपाधीक्षक स्तर के कई अधिकारी शामिल हैं। इनमें राधा प्रेम किशोर, मुकेश कुमार महतो, शिवेंद्र, अरविंद कुमार सिंह और विकास कुमार पांडेय शामिल हैं। ये सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यकाल में पुलिस उपाधीक्षक के पद पर नियुक्त रहे हैं।राज्य प्रशासनिक सेवा से जुड़े बड़ी संख्या में अधिकारी भी ईडी की जांच के दायरे में आए हैं। इनमें बिनोद राम, हरिशंकर बड़ाइक, कानू राम नाग, प्रकाश कुमार, रजनीश कुमार, संतोष कुमार चौधरी, रोहित सिन्हा, अमित कुमार, राहुल जी आनंद जी, शिशिर कुमार सिंह, राजीव कुमार सिंह, राम कृष्ण कुमार, प्रमोद राम और मनोज कुमार शामिल हैं। ईडी ने डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट पद पर नियुक्त रहे अधिकारियों से भी संपत्ति का ब्योरा मांगा है। इस श्रेणी में हरिहर सिंह मुंडा और रवि कुमार कुजूर के नाम शामिल हैं। वित्त सेवा से जुड़े कई अधिकारी भी इस जांच सूची में हैं। इनमें कुंदन कुमार सिंह, मौसमी नागेश, संगीता कुमारी, शैलेश कुमार श्रीवास्तव, इंद्रजीत सिंह और सुदामा कुमार शामिल हैं। ईडी की सूची में सहकारिता सेवा से जुड़े अधिकारी कुमुद कुमार का नाम भी शामिल है। ईडी ने राज्य सरकार को पत्र लिख कर इन सभी अधिकारियों को पोस्टिंग और संपत्ति का ब्योरा मांगा है।

शिक्षा विभाग व प्रशासन की ओर से पुख्ता तैयारी

आज से शुरू होंगी जैक बोर्ड की मैट्रिक-इंटर की परीक्षाएं

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) द्वारा आयोजित मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं 3 फरवरी से से शुरू हो रही हैं। परीक्षाओं को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त संपन्न कराने के लिए प्रशासन और शिक्षा विभाग ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। राज्य के सभी जिलों में परीक्षा केंद्र निर्धारित कर दिए गए हैं। इन केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस बल एवं उड़नदस्ता टीम की तैनाती की गई है। कदाचार रोकने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर धारा 144 लागू की गई है। वहीं परीक्षा केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों ले जाने पर प्रतिबंध है। जैक ने परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से कम से कम 30 मिनट पहले पहुंचने को कहा है। प्रवेश पत्र के बिना किसी भी छात्र को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

सभी परीक्षा केंद्रों पर दंडाधिकारी, पुलिस बल एवं उड़नदस्ता टीम की हुई तैनाती

रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित कडरू की न्यू एजी कॉलोनी की घटना

परिवार के 3 लोगों ने किया सुसाइड अटेम्प्ट, बेटे की मौत

PHOTON NEWS RANCHI : राजधानी रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित कडरू, न्यू एजी कॉलोनी (मंदिर मार्ग) में एक ही परिवार के तीन सदस्यों ने आत्महत्या की कोशिश की। इस घटना में परिवार के इकलौते बेटे की मौत हो गई है, जबकि मां और बेटी की हालत गंभीर बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान मिहिर के रूप में हुई है। मिहिर ने फंदे से लटककर अपनी जान दे दी। उसकी मां स्नेहा अखौरी और 14 वर्षीय बहन ने जहर खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने की कोशिश की। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंच गई है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

मां-बेटी की हालत गंभीर, घटनास्थल पर पहुंची पुलिस और एफएसएल की टीम

- हाल ही में कोलकाता से सीए की पढ़ाई पूरी कर रांची लौटा था मिहिर
- पुलिस को अभी तक सुसाइड नोट या किसी ठोस कारण की नहीं मिली है जानकारी

हाईकोर्ट की अधिवक्ता हैं स्नेहा अखौरी

बताया जा रहा है कि मिहिर हाल ही में कोलकाता से अपनी सीए की पढ़ाई पूरी कर रांची लौटा था। चर्चा है कि उसका चयन प्रतिष्ठित उषा मार्टिन कंपनी में हुआ था और वह जल्द ही अपनी पेशेवर जिंदगी की शुरुआत करने वाला था। मिहिर की मां स्नेहा अखौरी, झारखंड हाई कोर्ट में एक अधिवक्ता हैं। उन्होंने और उनकी 14 साल की नाबालिग बेटी ने जहर खा लिया है। दोनों को आनन-फानन में रांची के गुरुनानक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। डॉक्टर उन्हें बचाने की हरसंभव कोशिश कर रहे हैं।

बड़ी उपलब्धि इसरो के वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में बढ़ाए ऐतिहासिक कदम

भारत स्पेस स्टेशन के कोर स्ट्रक्चर पर अब शुरू हो गया काम

PHOTON NEWS @ RESEARCH DESK : दशकों पहले पड़ी बुनियाद के आधार पर विगत चंद वर्षों में हिंदुस्तान ने स्पेस साइंस यानी अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम आगे बढ़ाए हैं। इसका यह एक पुख्ता प्रमाण है कि भारत अब कुछ वर्षों में स्पेस स्टेशन वाले देशों के एलीट क्लब में शामिल हो सकता है। इस क्षेत्र में एतिहासिक कदम बढ़ाते हुए इंडियन स्पेस रिसर्च ऑगेर्नाइजेशन यानी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों ने भारत स्पेस स्टेशन (बीएसएस) के कोर स्ट्रक्चर पर काम शुरू कर दिया है। यह स्पेस स्टेशन लो अर्थ ऑर्बिट में स्थापित किया जाएगा, जहां भारतीय अंतरिक्ष यात्री और वैज्ञानिक लंबे समय तक रहकर शोध कर सकेंगे। शोधार्थियों की दृष्टि में यह प्रोजेक्ट मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई दिशा देने वाला है। गौरतलब है कि इसरो के विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र ने भारत स्पेस स्टेशन के पहले मॉड्यूल के निर्माण के लिए देश की एयरोस्पेस कंपनियों से भी संपर्क किया है। जानकारी के अनुसार, बीएस-01 नाम का यह पहला मॉड्यूल वर्ष 2028 में लॉन्च किया जाएगा। इसके साथ ही भारत का अंतरिक्ष में स्थायी लैब स्थापित करने का सपना औपचारिक रूप से शुरू हो जाएगा।

बीएसएस को पूरी गति से कुशलता के साथ लो अर्थ ऑर्बिट में स्थापित कर रहा सिस्टम

भारतीय अंतरिक्ष यात्री और वैज्ञानिक लंबे समय तक वहां रहकर कर सकेंगे शोध

- शोधार्थियों की दृष्टि में मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई दिशा देने वाला है प्रोजेक्ट
- परियोजना के प्रारंभ के पहले देश की एयरोस्पेस कंपनियों से भी किया गया संपर्क

- बीएसएस-01 नाम का यह पहला मॉड्यूल दो साल बाद किया जाने वाला है लॉन्च
- स्पेस में स्थायी लैब स्थापित करने का सपना औपचारिक रूप से जल्द हो जाएगा शुरू

'गगनयान' मिशन के बाद और तेज होगी तैयारी

भारत स्पेस स्टेशन की योजना 'गगनयान' कार्यक्रम के बाद तेज गति से आगे बढ़ेगी। इसरै का मानना है कि यह स्टेशन लंबी अवधि के वैज्ञानिक प्रयोगों के लिए बेहद अहम होगा। इसके जरिए भविष्य की अंतरिक्ष यात्राओं और नई तकनीकों के विकास में भी मदद मिलेगी। बता दें कि 'गगनयान' भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन होगा, जिसे 2027 तक लॉन्च करने की तैयारी है। कुछ दिन पहले इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने बताया था भारत 2040 तक अपना पहला मानवयुक्त चंद्र मिशन भेज सकता है, जिसके लिए इसरो ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। इहरो की योजना के मुताबिक, स्पेस स्टेशन को एक साथ नहीं, बल्कि चरणबद्ध तरीके से तैयार किया जाएगा। पहले मॉड्यूल के बाद अन्य मॉड्यूल अलग-अलग लॉन्च किए जाएंगे और अंतरिक्ष में ही जोड़े जाएंगे। अनुमान है कि वर्ष 2035 तक भारत स्पेस स्टेशन पूरी तरह कार्यशील हो जाएगा। हर मॉड्यूल का व्यास लगभग 3 .8 मीटर और ऊंचाई 8 मीटर होगी।

जूनियर इंजीनियर परीक्षा पेपर लीक में आउटसोर्सिंग कंपनी को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

RANCHI : साल 2022 में जूनियर इंजीनियर परीक्षा पेपर लीक मामले में आरोपी आउटसोर्सिंग कंपनी को जेएसएससी ने ब्लैकलिस्टेड करने का आदेश दिया था। जेएसएससी के आदेश को हाईकोर्ट ने खारिज किया था। आउटसोर्सिंग कंपनी मामले में हाईकोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं होने पर अवमानना याचिका दाखिल करने को चुनौती वाली जेएसएससी की याचिका की पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति जस्टिस एमएम सुंदरेश की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में हाईकोर्ट में आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा दाखिल अवमानना याचिका की कार्यवाही पर अगले आदेश तक के लिए रोक लगा दी। साथ ही आरोपी आउटसोर्सिंग कंपनी को नोटिस जारी किया है। मामले में सुप्रीम कोर्ट में जेएसएससी की ओर से वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अधिवक्ता संजय पिपरवाल ने पक्ष रखा।

बजट सत्र : शाह-राजनाथ ने टोका तो पूछा- क्यों डर रही सरकार

राहुल के भाषण के साथ लोकसभा में हंगामा, कल तक के लिए स्थगित

NEW DELHI @ PTI : सोमवार को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर राहुल गांधी की स्पीच के दौरान ट्रेजरी बेंच की ओर से जमकर हंगामा हुआ। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने दो बार सदन के कार्यवाही स्थगित की। बाद में शाम 4 बजे अगले दिन तक के लिए लोकसभा स्थापित कर दी गई। प्रारंभ में राहुल गांधी 46 मिनट तक अपनी बात रखने की कोशिश करते रहे। हर बार उनके बोलने पर स्पीकर ओम बिरला ने टोका और नियमों का हवाला दिया। राजनाथ, अमित शाह और किरेन रिजिजू भी उनका विरोध करते दिखे। इस पर राहुल गांधी ने कहा कि आखिर सरकार क्यों डर रही है। दरअसल, राहुल ने कहा, डोकलाम में चीनी टैंक भारत की सीमा में पहुंच गए थे। मैं यह बात एक मैगजीन के आर्टिकल के हवाले से कह रहा हूं। इसमें पूर्व आर्मी चीफ एमएम नरवणे की किताब (मेमॉयर) को कोट किया गया है। राहुल बोले- आप सब ध्यान से सुनें कि मैं क्या पढ़ रहा हूं, इससे पता चल जाएगा कि कौन देशभक्त है और कौन नहीं।

दुबई में फंसे झारखंड के 14 प्रवासी मजदूरों ने सरकार से लगाई वतन वापसी की गुहार

तीन माह से नहीं मिला वेतन, वीडियो जारी कर मांगी गई है सहायता, गिरिडीह, हजारीबाग व बोकारो के रहने वाले हैं सभी मजदूर

- भोजन-आवास का संकट तय समय-सीमा से अधिक काम करने के बावजूद नहीं दी जा रही मजदूरी

वीडियो संदेश जारी करते दुबई में फंसे श्रमिक

PHOTON NEWS GIRIDIH : दुबई में आर्थिक तंगी और असुरक्षित हालात के बीच झारखंड के गिरिडीह, हजारीबाग और बोकारो जिलों के 14 मजदूर फंसे हुए हैं। इन्हें बीते तीन माह से वेतन नहीं मिला है, जिससे उनके सामने भोजन और आवास का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। बताया जा रहा है कि इनसे तय समय से अधिक काम भी कराया जा रहा है, लेकिन मेहनत के बदले मजदूरी नहीं दी जा रही। मजदूरों का आरोप है कि जिस कंपनी में वे काम कर रहे हैं, वहां उनसे तय समय से अधिक काम कराया जा रहा है और मजदूरी का भुगतान भी नहीं किया जा रहा है। मजदूरों का कहना है कि वेतन नहीं मिलने से रहने, खाने-पीने और दैनिक जरूरतों को पूरा करने में भारी कठिनाई हो रही रहा है। विदेश में फंसे मजदूरों ने एक वीडियो संदेश के माध्यम से अपनी पीड़ा साझा की है और भारत व झारखंड सरकार से मदद की गुहार लगाई है। यह वीडियो प्रवासी मजदूरों के हित में कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर अली को भेजा गया है, जिसे उन्होंने मीडिया के साथ साझा किया है। सिकंदर अली ने केंद्र और राज्य सरकार से मांग की है कि दुबई में फंसे मजदूरों की सकुशल वतन वापसी के लिए ठोस और प्रभावी कूटनीतिक पहल की जाए।

ट्रांसमिशन लाइन का काम करने गए थे दुबई

जानकारी के अनुसार, सभी मजदूर अक्टूबर 2025 में ईएमसी कंपनी में ट्रांसमिशन लाइन का काम करने के लिए दुबई गए थे। लेकिन, बीते तीन महीनों से किसी भी मजदूर को नियमित वेतन नहीं मिला है। मजदूरों ने सरकार से जल्द से जल्द हस्तक्षेप कर उन्हें सुरक्षित देश वापस लाने की मांग की है। दुबई में फंसे मजदूरों में गिरिडीह जिले के सरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत चिचाकी निवासी रोशन कुमार व अजय कुमार, बगोदर थाना क्षेत्र के तिरला निवासी राजेश महतो और डुमरडेली निवासी अजय कुमार और बोकारो जिले के पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कंजकीरो निवासी डालेश्वर महतो शामिल हैं। इसके अलावा हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के खेदाडीह निवासी जागेश्वर महतो व फालेन्द्र महतो, सिरैय निवासी बैजनाथ महतो, पारजोरिया निवासी दिलीप महतो, गंगाधर महतो व त्रिलोकी महतो, चकचुको बसरिया निवासी दीपक कुमार और गोरहर निवासी रोहित महतो व सेवा महतो भी दुबई में फंसे हैं।

सऊदी में एक मजदूर की पहले हो गई थी मौत

सिकंदर अली ने बताया कि यह कोई पहला मामला नहीं है, जब प्रवासी मजदूर अच्छी कमाई की लालच में विदेश जाकर फंसे हैं। इससे पहले भी विदेशों में फंसे झारखंड के कई मजदूरों को काफी प्रयासों के बाद वतन वापसी कराई गई है। कहा कि गिरिडीह जिले के डुमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत मधगोपाली पंचायत (दूधपनिया गांव) निवासी प्रवासी मजदूर विजय कुमार महतो की 23 अक्टूबर 2025 को सऊदी अरब में मौत हो गई थी। घटना के तीन महीने बीत जाने के बावजूद अब तक न तो उनका शव देश लाया जा सका है और न ही उनके परिजनों को कोई मुआवजा मिला है।

एमपी के सड़क हादसे में पलामू निवासी की हुई मौत, 10 घायल

PALAMU : मध्यप्रदेश के मुरैना में सड़क हादसे में पलामू जिला स्थित पांकी निवासी उमेश कुमार की मौत हो गई। इस दुर्घटना में पलामू जिले के 10 लोग घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, उमेश कुमार अपने परिवार और रिश्तेदारों के साथ मथुरा-वृंदावन का भ्रमण कर लौट रहे थे। इसी क्रम में रविवार की रात करीब 1.30 बजे टेंपो- ट्रैवलर मुरैना के पास ओवरटेक करने के दौरान डंपर से टकरा गई। धक्का लगते ही उमेश कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घायलों में वाहन चालक दिल्ली निवासी विपिन कुमार, पांकी निवासी डबलू गुप्ता और उसकी पत्नी आरती देवी, तरहसी निवासी प्रमोद कुमार, चैनपुर के सलतुआ निवासी अनिल गुप्ता व उसकी पत्नी कुसुम गुप्ता, तरहसी निवासी द्वारिका प्रसाद व उसकी पत्नी शोभा देवी, पांकी के मंझौली निवासी रविंद्र कुमार व देवरानी देवी शामिल हैं। सभी घायलों को मुरैना स्थित जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल प्रमोद कुमार ने बताया कि उमेश कुमार के शव का सोमवार को पोस्टमॉर्टम कराकर वाहन से पांकी भेज दिया गया। सामान्य रूप से घायल लोगों को मंगलवार को डिस्चार्ज किया जाएगा, जबकि गंभीर रूप से घायल लोगों को बेहतर अस्पताल में रेफर किया जाएगा।

BRIEF NEWS

मैट्रिक व इंटर की परीक्षा के लिए बना कंट्रोल रूम

RAMGARH : रामगढ़ जिले में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा 3 फरवरी से शुरू होगी। मैट्रिक की परीक्षा प्रथम पाली और इंटर की परीक्षा द्वितीय पाली में होगी। कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए जिला प्रशासन के द्वारा परीक्षा सेल और कंट्रोल रूम बनाया गया है। मैट्रिक परीक्षा 03 फरवरी 2026 से 17 फरवरी एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 03 फरवरी 2026 से 23 फरवरी तक होगी। रामगढ़ एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने परीक्षा सेल-सह-जिला नियंत्रण कक्ष का गठन किया है। उक्त परीक्षा के दौरान विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर प्रश्न-पत्र एवं उत्तर पुस्तिकाओं की समय पर आपूर्ति, परीक्षा उपरांत सामग्री को जिला कोषागार तक सुरक्षित पहुँचाने तथा सतत निगरानी हेतु परीक्षा सेल का गठन किया गया है। नियंत्रण कक्ष अनुमंडल कार्यालय में स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष संख्या 06553-222005 है। परीक्षा अवधि के दौरान प्रतिनियुक्त कर्मियों को निर्देश दिया गया है कि वे प्रतिदिन प्रातः 7:00 बजे से संध्या 7:00 बजे तक उपस्थित रहकर परीक्षा से संबंधित गतिविधियों की निगरानी करेंगे। किसी भी समस्या की सूचना तत्काल संबंधित पदाधिकारियों को उपलब्ध कराएंगे। साथ ही, परीक्षा सेल में प्राप्त शिकायतों की प्रविष्टि कर उनका त्वरित निष्पादन भी सुनिश्चित किया जाएगा।

मैट्रिक के 43 व इंटर के 35 केंद्रों पर आज से परीक्षा

HAZARIBAG : हजारीबाग सदर अनुमंडल अंतर्गत मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा मंगलवार से शुरू हो रही है। इसके तहत मैट्रिक के 43 व इंटर के 35 केंद्रों पर परीक्षा ली जाएगी। इसे लेकर डीसी व एसएसपी के संयुक्त आदेश पर एसडीओ आदित्य पांडेय ने सभी परीक्षा केंद्रों पर निषेधाज्ञा लागू कर दी है। वार्षिक माध्यमिक सैद्धांतिक परीक्षा 3 फरवरी से 17 फरवरी तक प्रथम पाली (सुबह 9.45 बजे से दोपहर 1 बजे तक) होगी। वहीं, इंटरमीडिएट सैद्धांतिक परीक्षा 3 फरवरी से 23 फरवरी तक द्वितीय पाली (दोपहर 2 बजे से शाम 5.15 बजे तक) संचालित होगी।

नवनिर्मित शिव मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा पांच से

KHUNTI : तोरपा प्रखंड के बास्की गांव में नवनिर्मित शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे गांव में उत्साह और भक्ति का वातावरण व्याप्त है। तीन दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ 5 फरवरी से होगा, जिसका समापन सात फरवरी, शनिवार को पूर्णाहुति के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर गांव को आकर्षक झंडों और सजावट से सुसज्जित कर दिया गया है। मंदिर का रंगरोगन कार्य पूर्ण हो चुका है तथा रविवार को विधि-विधान से मंदिर के गुंबद पर पांच शूल स्थापित कर दिए गए हैं। आयोजन समिति के सदस्य राजनाथ सिंह, शिव कुमार सिंह, एमपी सिंह, राम नरेश सिंह, गोपाल सिंह, आनन्द सिंह, राजेंद्र सिंह, सोनू सिंह, सुरेंद्र सिंह, विक्रमा महतो सहित गांव के महिला-पुरुष इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने के लिए दिन-रात जुटे हुए हैं। समिति ने बताया कि बनारस से पधारे विद्वान आचार्यों की उपस्थिति में सभी अनुष्ठान वैदिक विधि-विधान से संपन्न कराए जाएंगे।

महापौर पद के लिए 11 ने किया नामांकन

DHANBAD : नगर निकाय चुनाव में महापौर के पद के लिए सोमवार को 11 प्रत्याशियों ने निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता विनोद कुमार, सहायक निवार्ची पदाधिकारी बाल किशोर महतो तथा सहायक निवार्ची पदाधिकारी विशाल कुमार पांडेय के समक्ष नामांकन दाखिल किया। महापौर पद के लिए नामांकन दाखिल करने वालों में लक्ष्मी देवी, रवि चौधरी, कृष्ण चंद्र सिंह राज, शमशेर आलम अंसारी, दिलीप कुमार, विनोद कुमार सिंह, डॉ नीलम मिश्रा, डॉ सुशील कुमार, प्रकाश कुमार, मोहम्मद जावेद इकबाल एवं रवि बुंदेला शामिल है।

रामगढ़ : सरकारी आदेश की अनदेखी कर रहे ईंट भट्ठा संचालक, 26 लोगों को थमाया गया नोटिस

लंबे समय से भट्ठा चलाने वालों को सरकार कर रही आगाह, नहीं सौंप रहे दस्तावेज

ईंट भट्ठा संचालक को नोटिस थमाते सीओ रमेश रविदास

AGENCY RAMGARH : सदर प्रखंड क्षेत्र में ईंट भट्ठा संचालकों द्वारा सरकारी आदेशों की लगातार अनदेखी किए जाने का मामला सामने आया है। इसे गंभीरता से लेते हुए अंचल अधिकारी (सीओ) रमेश रविदास ने अब भट्ठा मालिकों को व्यक्तिगत इश्तेहार जारी करना शुरू कर दिया है। रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र में संचालित कुल 36 ईंट भट्ठा संचालकों को पूर्व में अपने-अपने भट्ठों से संबंधित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए नोटिस जारी किया गया था, लेकिन अब तक केवल सात संचालकों ने ही दस्तावेज जमा किए हैं। शेष संचालकों की ओर से किसी भी प्रकार का अनुपालन नहीं किया गया है।
सीओ रमेश रविदास ने सोमवार को बताया कि 26 ईंट भट्ठा संचालकों को व्यक्तिगत रूप से इश्तेहार उपलब्ध कराए गए हैं और सभी को 7 फरवरी तक अनिवार्य रूप से दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि 18 दिसंबर को आयोजित जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में उपायुक्त द्वारा ईंट भट्ठा संचालकों के दस्तावेजों की जांच का स्पष्ट आदेश दिया गया था।
उन्होंने बताया कि भट्ठा संचालकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर ही उनकी वैधता और नियमों के अनुपालन की जांच की जानी है, लेकिन अधिकांश संचालकों की उदासीनता के कारण यह प्रक्रिया बाधित हो रही है।
अब तक दस्तावेज जमा करने वाले ईंट भट्ठा संचालकों में सुरेश महतो, वसंत कुशवाहा, जगन्नाथ महतो, महेंद्र प्रसाद, वीरेंद्र कुमार साहू, सतीश गुप्ता और अजय सिंह उर्फ आजाद सिंह शामिल हैं।
प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित तिथि तक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने वाले ईंट भट्ठा संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस गिरफ्त में आरोपी • फोटोन न्यूज

हथियार के साथ राहुल सिंह गिरोह के दो अपराधी धराए

LATEHAR : लातेहार पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सदर थाना क्षेत्र के कैमा गांव के पास से दो अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।एसपी कुमार गौरव को मिली सूचना पर सोमवार को यह कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार अपराधियों में दीपक उरांव और अनिल उरांव शामिल है। पुलिस ने उनके पास से तीन बंदूक, 10 गोलियां सहित अन्य सामग्री बरामद किए। गिरफ्तार अपराधी लातेहार थाना क्षेत्र के इचाबार और परसही के रहने वाले हैं। दोनों अपराधी कुख्यात अपराधी संगठन राहुल सिंह गिरोह के सदस्य हैं। सोमवार को प्रेस वार्ता करते हुए डीएसपी अरविंद कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दो अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए सदर थाना क्षेत्र के कैमा गांव के पास जमा हुए हैं। सूचना के बाद पुलिस की एक टीम गठित की गई और अपराधियों के खिलाफ छापेमारी की गई।

कपड़ों से लदा ट्रक पेड़ से टकराया, चालक की मौत

घटनास्थल पर क्षतिग्रस्त ट्रक

PALAMU : जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के बकोरिया क्रशर मोड़ पर रांची-डालटनगंज मुख्य पथ पर सोमवार तडके सुबह एक ट्रक (डब्लूबी29जी 0911) महुआ पेड़ से टकरा गया। इस घटना में ट्रक के परखच्चे उड़ गए और मलबे में फंसकर चालक की मौत हो गई। ट्रक पर कपड़ा लोड था। वाहन रांची से डालटनगंज आ रहा था। सूचना मिलने पर सतबरवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और गाड़ी में फंसे चालक के शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पूरे मामले में जांच की जा रही है। चालक की पहचान बिहार के समस्तीपुर निवासी देव प्रकाश राय (45) के रूप में हुई है। चालक लंबे समय से अपने परिवार के साथ पश्चिम बंगाल में रहता है। ट्रक पश्चिम बंगाल का है और वहीं से कपड़ा लेकर आ रहा था। सतबरवा ओपी प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने कि घटना तडके सुबह 4 बजे के आसपास हुई। इसके बाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ट्रक के मलबे में फंसी चालक के शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच में भेजा। उसकी पहचान की और परिजनों को दे सूचना दी गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि ट्रक में कपड़ा लोड था और डाल्टनगंज के ही किसी व्यापारी का है।

तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर युवक की मौत

LOHARDAGA : किस्को रिचुघटा मुख्य सड़क पर रफ्तार का कहर देखने को मिला,जहां तेज रफ्तार ट्रक ने एक युवक की जान ले ली,घटना जोबांग थाना के खरवा बिरहोर कॉलोनी के समीप घटी। ट्रक की चपेट में आने के कारण एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मुर्मू निवासी सिताराम प्रसाद के पुत्र अनुज प्रसाद टीवीएस बाइक (जेएच 08 के 2382)से मुर्मू से खरचा की ओर आ रहा था। तभी खरचा धर्मकांटा के ओर जा रहे ट्रक ने युवक को अपनी चपेट में ले लिया। युवक को पुलिस और ग्रामीणों के सहयोग से सदर अस्पताल लोहरदगा पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना के बाद ट्रक ड्राइवर धर्मकांटा के समीप ट्रक छोड़ फरार हो गया। दुर्घटना के बाद मृतक युवक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। दोनों वाहनों को पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

नगर निकाय चुनाव के बीच सिंह मेंशन में की गई बमबाजी, जांच में जुटी पुलिस

आवास के बाहर मौजूद लोग

AGENCY DHANBAD : आनगर निकाय चुनाव की सरगर्मी के बीच रविवार देर रात सरायढेला थाना क्षेत्र स्थित सिंह मेंशन में बमबाजी की घटना सामने आई है। घटना की सूचना मिलते ही सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जांच शुरू की। मिली जानकारी के अनुसार रात करीब 11:30 से 12 बजे के बीच बाइक सवार अपराधियों ने सिंह मेंशन को निशाना बनाते हुए दो बम फेंके। इनमें से एक बम सिंह मेंशन के गेट के अंदर जाकर ब्लास्ट हुआ, जबकि दूसरा बाहर ही गिर गया। बताया जा रहा है कि जहां बम ब्लास्ट हुआ, वहां आमतौर पर लोग बैठते हैं। गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। घटना के वक्त झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह, उनकी धर्मपत्नी झरिया विधायक रागिनी सिंह अपने कमरे में मौजूद थी। बमबाजी के बाद आवास परिसर में अफरातफरी मच गई। भीतर मौजूद लोग और सुरक्षा गार्ड बाहर की ओर दौड़े, लेकिन तब तक अपराधी फरार हो चुके थे। सूचना मिलने के बाद सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे और सबसे पहले पूर्व विधायक संजीव सिंह से घटना की जानकारी ली। इसके बाद पुलिस ने सिंह मेंशन में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। जांच के लिए सीसीटीवी का डीवीआर पुलिस अपने साथ ले गई है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों के फुटेज भी खंगाल रही है। सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने बताया कि बमबाजी की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और सभी बिंदुओं पर पड़ताल की जा रही है।

झारखंड दिवस तीन किलोमीटर तक दिखी कार्यकर्ताओं की कतार, झामुमो ने किया शक्ति प्रदर्शन

बसंत सोरेन की अगुवाई में निकली विशाल रैली

सिदो-कान्हू को नमन करतीं लुईस मरांडी व रैली में शामिल झामुमो के नेता-कार्यकर्ता • फोटोन न्यूज

217 बसों में आए झामुमो कार्यकर्ता व समर्थक

झारखंड दिवस पर दुमका जिले के झामुमो कार्यकर्ता व समर्थक 217 बसों में सवार होकर पहुंचे थे। संथाल परगना के दुमका, देवघर, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़, जामताड़ा समेत राज्य के अन्य जिलों से भी काफी संख्या में कार्यकर्ता आए थे। झारखंड दिवस के आयोजन में वही पुरानी रौनक दिखी, सिर्फ पहली बार दिशोम गुरु शिबू सोरेन की कमी सबको खली। शिब सोरेन ने ही इस आयोजन की शुरूआत की थी।

PHOTON NEWS DUMKA : झामुमो का 47वां झारखंड दिवस सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विशाल रैली से हुई, जिसकी अगुवाई विधायक बसंत सोरेन ने की। पारंपरिक वेशभूषा में एसपी कॉलेज मैदान से गांधी मैदान तक लगभग तीन किलोमीटर तक कार्यकर्ताओं-समर्थकों की कतार दिखी। इसमें दुमका के सांसद नलिन सोरेन, जामा की विधायक प्रो. डॉ. लुईस मरांडी, शिकारीपाड़ा के विधायक आलोक सोरेन, बोरियो के विधायक धनंजय सोरेन, दुमका के जिला अध्यक्ष शिव कुमार बास्की आदि भी रहे। तीर-धनुष व ढोल-नगाड़े के साथ आए झामुमो कार्यकर्ताओं के हाथ में पार्टी के सुप्रीमो रहे दिशोम गुरु शिबू सोरेन की तस्वीर वाला झंडा था। डीजे की धुन पर झूमते हुए कार्यकताओं का हुजूम सिदो-कान्हू चौक पहुंचा, तो वहां दुमका के विधायक बसंत सोरेन ने सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। रैली यहां से टीन बाजार चौक होते हुए रैली गांधी मैदान में जाकर जनसभा में तब्दील हो गई। रैली-जुलूस का स्वागत शहरवासियों ने पुष्पवर्षा से किया। संथाल परगना के कोने-कोने से आए हजारों लोग देर रात तक गांधी मैदान में जनसभा संपन्न होने तक जमे रहे। जनसभा में झामुमो अपने एजेंडा को मजबूती से रखा। केंद्र सरकार से अपना हक-अधिकार लेने की बात जोरदार तरीके से रखी। गांधी मैदान को एलईडी हैलोजन से चकाचक किया गया था। ठंड से बचाव के लिए सभास्थल पर जगह-जगह अलाव भी जलाए गए थे।

झारखंड आंदोलनकारियों ने भी किया नमन

DUMKA : सिदो-कान्हू चौक पर स्थापित शहीद सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर झारखंड आंदोलनकारियों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। इनमें अनूप कुमार सिन्हा, मनोज पांडेय, अरुण मंडल, बुधन मरांडी, अमित दे, जियालाल राय, रंजन कुमार सहाय, देवशंकर दे आदि भी शामिल थे। दुमका के टीन बाजार चौक पर झामुमो नेता राजेश कुमार राउत की अगुवाई में रैली पर पुष्पवर्षा की गई। रैली को संपन्न कराने वालों में झामुमो के जिला सचिव निशित वरण गोलदार, संगठन मंत्री रवि यादव, जिला प्रवक्ता मो. सलाम अंसारी, केंद्रीय कमेटी के सदस्य राजेश कुमार सिंह, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सुनीता मरांडी, सविता टुडू, प्रिया रक्षित, कृष्णा देवी, इंदु चौबे, पराक्रम शर्मा, मनोज कामत, चंदन भुवानियां, दीपक केवट आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सेरेंगसिया का अधिकार : चम्पाई

शहीद स्थल पर पूर्व सीएम चम्पाई सोरेन • फोटोन न्यूज

CHAIBASA : पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन सोमवार को पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोन्टो प्रखंड अंतर्गत सेरेंगसिया घाटी पहुंचे, जहां उन्होंने वीर पोटो हो समेत कोल विद्रोह के अमर बलिदानियों को श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा। वीर शहीदों को नमन करने के बाद पूर्व सीएम ने उनके बलिदान को याद करते हुए कहा कि जिस जल, जंगल, जमीन एवं परंपराओं की रक्षा के लिए हमारे पूर्वजों ने ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ विद्रोह किया, वह आज भी संकट में है। झारखंड की गठबंधन सरकार को आदिवासी विरोधी बताते हुए उन्होंने कहा कि इस सरकार ने कई दशकों से चली आ रही परंपरा को तोड़ कर, सेरेंगसिया के ग्रामीणों द्वारा हर साल किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद के आयोजनों को जबरन रद्द करा दिया। उनका कसूर सिर्फ यही था कि उन्होंने मुझे मुख्य अतिथि के तौर कर बुलाया था। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुये कहा कि भोगनाडीह से लेकर सेरेंगसिया तक, शहीदों के परिवारों तथा पारंपरिक ग्राम प्रधानों के निर्णयों को दरकिनार कर, पुलिस के दम पर सरकारी आदेशों को थोपने का जो प्रयास चल रहा है, उसे आदिवासी समाज बर्दास्त नहीं करेगा।

BRIEF NEWS

सुधार नहीं होने पर सीएस के वेतन पर लगाई जाएगी रोक : अपर मुख्य सचिव

RANCHI : स्वास्थ्य,चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आईपीएच सभागार,नामकुम में सभी जिलों के सिविल सर्जनों के साथ समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 15वें वित्त आयोग की समीक्षा में कम खर्च पर नाराजगी जताते हुए शून्य प्रगति वाले जिलों पर कारण बताओ और कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि सुधार नहीं होने पर संबंधित सिविल सर्जनों के वेतन पर रोक लगाई जाएगी। साथ ही बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिलों की प्रशंसा की गई और पिछड़े जिलों को उनसे सीख लेने का निर्देश दिया गया। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि न्यूनतम 60 प्रतिशत राशि का उपयोग अनिवार्य है तथा 13 फरवरी तक नगर परिषद और उप विकास आयुक्त द्वारा खर्च की गई राशि का यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट जमा करना होगा।

रितेश पातर ने बुंडू नगर अध्यक्ष पद के लिए किया नामांकन

RANCHI : झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) समर्थित प्रत्याशी रितेश पातर ने सोमवार को बुंडु नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। रांची समाहरणालय में आयोजित नामांकन प्रक्रिया के दौरान उन्होंने दो सेटों में अपना नामांकन भरा। इस दौरान रितेश पातर के समर्थक हेमंत कुमार, प्रस्तावक दिनेश महतो, मुख्तार खान, राजू सेठ, तिजु महतो, राजन सींह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं शुभचिंतक मौजूद थे। इस दौरान समर्थकों में भारी उत्साह देखा गया। मौके पर पार्टी के कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए जीत का दावा किया। जेएलकेएम के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि संगठन पूरी मजबूती के साथ इस चुनाव में उतर रहा है।

अश्विनी महतो की प्रतिमा स्थापना को लेकर हुआ भूमि पूजन

RANCHI : तमाड़ प्रखंड के चिरूडीह मुचिडीह बाजार में पूर्व पंचायत समिति सदस्य सह झारखंड आंदोलनकारी स्व. अश्विनी कुमार महतो की स्मृति में प्रतिमा स्थापित करने को लेकर भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो ने स्व. अश्विनी कुमार महतो ने कहा कि झारखंड राज्य के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने हमेशा अपने पंचायत के प्रत्येक वर्ग के लोगों की सेवा की और अंतिम समय तक इसी मार्ग पर चले। कार्यक्रम में मुखिया राजकिशोर सिंह मुंडा, उदय सिंह मुंडा, मनीष कुमार सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

नेशनल डिफेंस कॉलेज के प्रतिनिधिमंडल से राज्यपाल ने किया संवाद, बोले-

राष्ट्रीय सुरक्षा व रणनीतिक अध्ययन का प्रतिष्ठित संस्थान है एनडीसी

भारत ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी महत्वपूर्ण है इसका गौरवशाली इतिहास

पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण के केंद्र हैं राज्य की झीलें, झरने और धार्मिक स्थल

PHOTON NEWS RANCHI : सोमवार को लोकभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने नेशनल डिफेंस कॉलेज (एनडीसी) के प्रतिनिधिमंडल से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने एनडीसी को राष्ट्रीय सुरक्षा एवं रणनीतिक अध्ययन का एक प्रतिष्ठित संस्थान बताया। साथ ही कहा कि इसका गौरवशाली इतिहास भारत ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी महत्वपूर्ण है। राज्यपाल ने झारखंड को वीरों की धरती बताते हुए कहा कि यह राज्य प्राकृतिक संसाधनों, खनिज संपदा, समृद्ध संस्कृति और विविध परंपराओं से परिपूर्ण है। उन्होंने विशेष रूप से झारखंड के जनजातीय समाज की चर्चा करते हुए कहा कि यहां की जनजातीय परंपरा विश्वप्रसिद्ध हैं। जनजातीय समुदाय प्रकृति-प्रेमी होता है। जिसकी झलक उनके पर्व-त्योहारों, नृत्य-संगीत और जीवन शैली में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। राज्य के लोग सरल, परिश्रमी, साहसी और अतिथि-सत्कार के लिए जाने जाते हैं। राज्यपाल ने झारखंड की पर्यटन संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राज्य में झीलें, झरने और विश्वप्रसिद्ध धार्मिक आस्था केंद्र पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण हैं। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से समय मिलने पर इन पर्यटन स्थलों का भ्रमण करने का आग्रह किया। राज्यपाल ने यह भी जानकारी दी कि लोक भवन स्थित उद्यानों को आम नागरिकों के लिए खोल दिया गया है। उद्यान में 100 से अधिक प्रजातियों के गुलाब उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि वे स्वयं आगंतुकों से संवाद कर उनके सुझाव जानने का प्रयास करते हैं, ताकि उद्यान को और बेहतर बनाया जा सके।

नेशनल डिफेंस कॉलेज के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक करते राज्यपाल संतोष गंगवार

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सुधार की जरूरत

उच्च शिक्षा और महिला सशक्तिकरण पर चर्चा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अभी सुधार की आवश्यकता है, जिस दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। महिलाओं की भागीदारी पर उन्होंने 'लखपति दीदी योजना' का उल्लेख करते हुए कहा कि यह योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध हो रही है। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं पर भी इस दौरान विचार-विमर्श हुआ।

प्रतिनिधिमंडल में 17 सदस्य

संवाद के दौरान प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख मेजर जनरल हरतेज सिंह बजाज ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल में कुल 17 सदस्य शामिल हैं। जिनमें इथोपिया, बांग्लादेश, फ्रांस, ब्राजील और जापान के पांच विदेशी सदस्य भी सम्मिलित हैं। प्रतिनिधिमंडल के सदस्य झारखंड राज्य के बारे में अधिक से अधिक जानने और अध्ययन करने के इच्छुक हैं। सदस्यों ने झारखंड में खेलों की असीम संभावनाओं की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि हॉकी और तीरंदाजी जैसे खेलों में राज्य की विशेष पहचान है। यदि कम उम्र से ही प्रतिभाओं को प्रोत्साहन दिया जाए तो राज्य और बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। इस पर राज्यपाल ने कहा कि झारखंड में खेलों के प्रति विशेष अभिरुचि है। हॉकी, तीरंदाजी और फुटबॉल में राज्य निरंतर अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान महेंद्र सिंह धोनी इसी राज्य से हैं। राज्य की बेटियां हॉकी के क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर रही हैं। हाल ही में हॉकी इंडिया लीग का सफल आयोजन भी राज्य में हुआ है।

हाईकोर्ट में रिम्स ने कहा- नई कंपनी को दी गई बायो मेडिकल वेस्ट उठाने की जिम्मेदारी

PHOTON NEWS RANCHI : राजधानी रांची स्थित राजेंद्र चिकित्सा विज्ञान संस्थान (रिम्स) में बायो मेडिकल वेस्ट के उठाव का काम अब नई कंपनी ने संभाल लिया है। इस संबंध में रिम्स ने झारखंड उच्च न्यायालय को शपथ पत्र के माध्यम से जानकारी दी। रिम्स ने सोमवार को सुनवाई के दौरान अदालत को बताया कि पुरानी कंपनी का कार्यकाल 31 जनवरी 2026 को समाप्त हो गया और अब यह काम मेसर्स मेडिकेयर एनवायरमेंट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, लोहरदगा कर रही है। सुनवाई मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने की। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता समावेश देव ने पक्ष रखा। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से अधिवक्ता रिचा संचित ने अदालत को बताया कि झारखंड के कई जिलों में बायो मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं और अस्पतालों एवं नर्सिंग होम को क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत रजिस्टर्ड किया जा चुका है। अदालत ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद प्रार्थी को निर्देश दिया कि अगली सुनवाई 16 फरवरी को एक संक्षिप्त नोट प्रस्तुत करें, जिसमें पूर्व आदेश, उसका अनुपालन और सुझाव शामिल हों। उल्लेखनीय है कि पिछली सुनवाई में अदालत ने रिम्स की ओर से आदेश का अनुपालन न करने पर नाराजगी जताई थी। खंडपीठ ने रिम्स डायरेक्टर को निर्देश दिया था कि वे बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण के लिए टेंडर पूरा करने के कदमों की जानकारी अगली सुनवाई में शपथ पत्र के माध्यम से प्रस्तुत करें। प्रार्थी की याचिका में झारखंड के अस्पताल, क्लिनिक और नर्सिंग होम से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट का निष्पादन एनवायरनमेंटल प्रोटेक्शन एक्ट और बायो मेडिकल वेस्ट डिस्पोजल मैनेजमेंट हैंडलिंग रूल्स के तहत सुनिश्चित कराने का आग्रह किया गया है।

वर्द्धमान कंपाउंड में बुजुर्ग की हत्या का खुलासा, पिता-पुत्र समेत तीन गिरफ्तार

PHOTON NEWS RANCHI : रांची के लालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत लोवर वर्द्धमान कंपाउंड (धोबी घाट) में शनिवार रात हुई मधेश्वर सिंह की हत्या का पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में मुन्ना कच्छप और उसके दो बेटे अमन कच्छप तथा अनिकेत कच्छप शामिल हैं।

सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में नगर पुलिस उपाधीक्षक केवी रमण ने बताया कि मामूली विवाद के बाद दो सगे भाइयों ने अपने पिता के साथ मिलकर बुजुर्ग मधेश्वर सिंह की बेरहमी से पिटाई की, जिससे उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन के निर्देश पर गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के 24 घंटे के भीतर सभी नामजद आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, 31 जनवरी की रात लोवर वर्द्धमान कंपाउंड निवासी मधेश्वर सिंह टहलने निकले थे। इसी दौरान मोहल्ले के ही अमन और अनिकेत कच्छप से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर दोनों भाइयों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी।

मामले की जानकारी देते नगर पुलिस उपाधीक्षक केवी रमण व अन्य ● फोटोन न्यूज

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मांडर-चान्हो में चार विकास योजनाओं का किया शिलान्यास

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के मांडर और चान्हो प्रखंड में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट एवं सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व मद से बनने वाली चार विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। मांडर प्रखंड में मंत्री ने डीएमएफटी मद से सरकारी मिडिल स्कूल में आठ नए वर्ग कक्षों के निर्माण तथा झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय, मांडर में तीन अतिरिक्त कमरों के निर्माण की योजना का शिलान्यास किया। वहीं चान्हो प्रखंड में सीसीएल के सीएसआर मद से राजकीय मध्य उत्क्रमित विद्यालय हूटार में सोलर पावर डीप बोरिंग एवं डायनिंग शेड निर्माण तथा डीएमएफटी मद से राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, चान्हो में आठ नए कक्षों के निर्माण की योजना की आधारशिला रखी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए विद्यालयों में कक्षा कक्षों एवं बुनियादी सुविधाओं का विस्तार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि डीएमएफटी मद का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के लिए प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है, ताकि इसका सीधा लाभ आम जनता तक पहुंचे। मंत्री ने शिक्षा को विकसित समाज की आधारशिला बताते हुए कहा कि बेहतर शैक्षणिक व्यवस्था से छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ता है और अनुशासन के साथ अध्ययन करने से सफलता सुनिश्चित होती है।

शिलान्यास करतीं मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की व अन्य

सदानंद सेवा धाम पहुंचीं मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने की सेवा कार्यों की सराहना

PHOTON NEWS RANCHI : रांची के पुंदाग स्थित प्रणामी ट्रस्ट की ओर से संचालित सदानंद सेवा धाम परिसर में सोमवार को सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम का दौरा करने राज्य की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह पहुंचीं। इस अवसर पर ट्रस्ट पदाधिकारी एवं आश्रम परिवार ने उनका स्वागत किया। मंत्री ने आश्रम का भ्रमण कर वहां रह रहे निराश्रितजनों के लिए किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की। उन्होंने आश्रम में उपलब्ध स्वच्छता, रहन-सहन, भोजन, चिकित्सा, वस्त्र सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन कर संतोष व्यक्त किया। मंत्री ने इस मौके पर कहा कि समाज के उपेक्षित और जरूरतमंद वर्गों के लिए इस प्रकार की सेवा सच्चे अर्थों में मानवता की सेवा है और यह अन्य सामाजिक संस्थाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। इस दौरान उन्होंने आश्रम में रह रहे सभी निराश्रितों से मुलाकात की, उनका हालचाल जाना और उनके साथ भोजन भी किया। मंत्री ने आश्रम प्रबंधन को हर संभव सरकारी सहयोग देने का आश्वासन दिया। ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि स्वामी सदानंद महाराज के सानिध्य में वर्तमान में आश्रम में 42 निराश्रित रह रहे हैं, जिनकी देखभाल और सेवा आश्रम परिवार द्वारा निरंतर की जा रही है। मंत्री ने अपने दौरे के दौरान आश्रम परिसर में संचालित गौशाला का भी निरीक्षण किया और गौ सेवा को भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग बताया।

रमा खलखो मेयर पद के लिए तीन को करेंगी नामांकन, मांगा समर्थन

RANCHI : कांग्रेस नेत्री और पूर्व मेयर रमा खलखो नगर निगम चुनाव के लिए मंगलवार को मेयर पद के लिए नामांकन करेंगी। यह जानकारी उन्होंने सोमवार को रांची स्थित अपने आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में दी। मौके पर उन्होंने राजधानीवासियों से मदद की अपील की। उन्होंने कहा कि वे शहर की जनता से पुनः आशीर्वाद और समर्थन की आकांक्षा रखती हैं। उन्होंने अपने पूर्व कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि वर्ष 2008 में जनता के सहयोग से वे मेयर चुनी गई थीं और उस दौरान उन्होंने पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ नगर निगम के माध्यम से जनहित में कार्य किया।

झारखंड में महाशिवरात्रि तक रहेगी ठंड इसके बाद तापमान में तेजी से होगी वृद्धि

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड में महाशिवरात्रि (15 फरवरी) तक ठंड बने रहने की संभावना है। इसके बाद मौसम में बदलाव के साथ गर्मी धीरे-धीरे बढ़ेगी। मौसम विभाग ने सोमवार को इसकी जानकारी दी।

मौसम विभाग के अनुसार, महाशिवरात्रि के बाद तापमान में वृद्धि होगी, लेकिन इसी दौरान कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना भी है। बारिश होने से तापमान में थोड़ी कमी आएगी, फिर उसके बाद तापमान में तेजी से वृद्धि होगी।

राज्य के विभिन्न हिस्सों में वर्तमान में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया है। बोकारो और चाईबासा में अधिकतम तापमान सामान्य से 2 डिग्री अधिक है, जबकि रांची और जमशेदपुर में न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक है। वहीं, डाल्टनगंज में न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम है और अधिकतम तापमान लगभग सामान्य के बराबर है। पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक तापमान चाईबासा में 29.4 डिग्री और सबसे कम तापमान गुमला में 7.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

सोमवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से आंशिक बादल छाए रहे और मध्यम गति की हवा चली। धूप में जाने पर गर्मी का एहसास हुआ, जबकि छाया में ठंडक महसूस की गई।

सोमवार को रांची में अधिकतम तापमान 25.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री, जमशेदपुर में अधिकतम 28.4 और डिग्री न्यूनतम 14.4 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 27 डिग्री और न्यूनतम 9.1 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 27.5 और न्यूनतम 10.1 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 29.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

प्राकृतिक सौंदर्य आम लोगों के लिए उद्यान खुलते ही आकर्षण का केंद्र बन गया लोकभवन

फूलों की बहार, सैकड़ों लोगों ने लिया प्रकृति का आनंद

PHOTON NEWS RANCHI : राजधानी रांची स्थित लोक भवन उद्यान के सोमवार को आम लोगों के लिए खुलते ही आकर्षण का केंद्र बन गया। उद्यान के दीदार के लिए सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचे और प्राकृतिक सौंदर्य के बीच खुशनुमा पल बिताए। रंग-बिरंगे फूलों, सुसज्जित गार्डन और फव्वारों की खूबसूरती ने हर किसी को मोहित कर दिया। उद्यान में घूमने पहुंचे लोग इसकी सुंदरता की तारीफ करते नहीं थक रहे थे। सुबह से ही लोक भवन उद्यान के प्रवेश द्वार पर लोगों की भीड़ देखने को मिली। परिवार के साथ पहुंचे लोग, युवा वर्ग और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उत्साह के साथ उद्यान में घूमते नजर आए। फूलों की क्यारियों और हरियाली के बीच हर कोई अपनी तस्वीर लेने को लेकर खासा क्रेजी दिखा। मोबाइल कैमरों और सेल्फी के जरिए लोग यादगार पलों को कैद करते रहे। लोक भवन उद्यान के खुलने से पहले ही प्रकृति प्रेमी इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, जैसे ही उद्यान आम जनता के लिए खोला गया, लोग अनुशासित तरीके से अंदर प्रवेश करते नजर आए। विद्यार्थियों में खास उल्लास देखने को मिला। वही बुजुर्गों ने शांत वातावरण में टहलते हुए प्रकृति का आनंद लिया। कई लोग सुबह की सैर के दौरान उद्यान की हरियाली में समय बिताते दिखे।

लोक भवन उद्यान में इस बार गुलाबों की खास बहार देखने को मिल रही है। उद्यान में 30 हजार से अधिक गुलाब के फूल मौजूद हैं। लाल, पीले और गुलाबी गुलाबों से पूरा परिसर रंगीन नजर आ रहा है। खास आकर्षण उन पौधों का है, जिनमें एक ही पेड़ पर अलग-अलग रंगों के गुलाब खिले हुए हैं। यह दृश्य लोगों को रुकने और तस्वीर लेने के लिए मजबूर कर रहा है।

उद्यान में स्वच्छता और अनुशासन की जरूरत : राज्यपाल

राज्यपाल ने कहा कि लोक भवन उद्यान आम नागरिकों के लिए प्रकृति के करीब समय बिताने का एक बेहतर अवसर है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नागरिक उद्यान की स्वच्छता और अनुशासन बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करेंगे। इसके साथ ही, उन्होंने आगंतुकों से प्राप्त सुझावों के आधार पर उद्यान को और बेहतर बनाने की बात कही।

निकाय चुनाव व बोर्ड परीक्षा एक ही दिन एसोसिएशन की आपत्ति

RANCHI : झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने 23 फरवरी को एक ही दिन नगर निकाय चुनाव और झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक बोर्ड) की बोर्ड परीक्षा आयोजित किए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई है। एसोसिएशन ने इसे अव्यावहारिक बताते हुए छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करार दिया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि चुनाव और बोर्ड परीक्षा दोनों ही बड़े प्रशासनिक आयोजन हैं, जिनमें शिक्षकों, विद्यालय भवनों, प्रशासनिक अमले, परिवहन और सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक जरूरत होती है। ऐसे में एक ही दिन दोनों कार्यक्रमों का आयोजन छात्रों पर अनावश्यक मानसिक दबाव डालेगा और प्रशासनिक अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न करेगा।

शब-ए-बारात आज, रातभर मस्जिदों में की जाएगी इबादत, तैयारियां पूरी

PHOTON NEWS RANCHI : शब-ए-बारात का पर्व झारखंड समेत रांची जिले में तीन फरवरी मंगलवार की शाम को मनाई जाएगी। इसको लेकर मुस्लिम बहुल इलाकों में खासा तैयारी देखने को मिल रही है। मस्जिदों और कब्रिस्तानों की साफ-सफाई के साथ साज-सज्जा आदि करने में लोग लगे रहे। वहीं घरों में भी महिलाएं सफाई के साथ ही पर्व पर बनाए जाने वाले पकवान आदि की तैयारी में जुटी रहीं। वहीं खाद्य सामाग्री की खरीद-फरोख्त में भी लोग मशगूल रहे। इससे बाजारों में देर शाम तक रौनक बनी रही। इस्लामी कैलेंडर के शाबान महीने की 15वीं, शब(रात) को मनाई जाने वाली शब-ए-बारात एक पाक रात है। इस रात में मुसलमान इबादत में मशगूल रहते हैं। मस्जिदों में नमाज अदा की जाती है। कुरान की तिलावत की जाती है। साथ ही कब्रिस्तान में जाकर अपने पूर्वजों की मगफिरत की दुआएं की जाती है। झारखंड के प्रख्यात कारी कुरान हजरत कारी सोहेब अहमद ने बताया कि इस रात को तौबा और इबादत की खास रात मानी जाती है। इसमें लोग सच्चे दिल से दुआ मांगते हैं। इस दिन मस्जिदों और घरों में पूरी रात इबादत की जाती है।

समाचार सार

नप अध्यक्ष के लिए सन्नी उरांव ने किया नामांकन

CHAKRADHARPUR : नगर परिषद में अध्यक्ष पद के लिए विधायक सुखराम उरांव के पुत्र व झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष सन्नी उरांव ने सोमवार को नामांकन किया। वे गाजे-बाजे और समर्थकों के भारी हुजूम के साथ नामांकन करने पहुंचे थे। इससे पहले उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा सहित तमाम शहीदों की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि समरेश सिंह उर्फ गुड्डू, नगर अध्यक्ष मोहम्मद हुसैन, शेषनारायण लाल, बापी दत्ता, पंकज शर्मा, सरवार निहाल, जुगनू रहमान, भारत सिंह, चंदन विश्वकर्मा, अमर शर्मा, राजेश गुप्ता, अहमद हुसैन, गोल्डी सिंह, गोनू जायसवाल आदि भी शामिल थे।

नप अध्यक्ष के लिए उदय माझी ने भरा पर्चा

CHAKRADHARPUR : सांसद जोबा मांझी के पुत्र उदय माझी ने सोमवार को नगर परिषद में अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा। एलआईसी बिल्डिंग जुलूस निकालकर उदय माझी समर्थकों के साथ अनुमंडल कार्यालय, आसनलिया पहुंचे। जुलूस के दौरान उदय माझी ने तमाम शहीदों की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। उन्होंने निर्वाचन पदाधिकारी (डीसी-एलआर) जेजे मुंडू को नामांकन पत्र सौंपा। इस मौके पर तुषार नंदा, गोपी चाकी, राज मिश्रा, राजेश शर्मा, आनंद कसेरा समेत कई समर्थक मौजूद थे।

केयू के सीनेट सदस्य बने 6 विधायक

GHATSILA : विधायक सोमेश चंद्र सोरेन सहित कोल्हान के 6 विधायक कोल्हान विश्वविद्यालय के सीनेट (अधिषद) सदस्य बनाए गए हैं। इनका मनोनयन झारखंड राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 2000 के तहत झारखंड विधानसभा सचिवालय से 20 जनवरी को जारी किया गया था। इन विधायकों में निरल पुरती (मझगांव), सविता महतो (ईचागढ़), मंगल कालिंदी (जुगसलाई), सुखराम उरांव (चक्रधरपुर) व सोनाराम सिंकू (जगन्नाथपुर) भी शामिल हैं।

एसडीयू में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

GHATSILA : सोना देवी विश्वविद्यालय के फामेर्सी विभाग ने सोमवार को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम किया। संदीप कुमार व मेघा दास के संचालन में हुए कार्यक्रम में छात्रा कृतिका बाल्मीकि व दीपा कुमारी ने गणतंत्र दिवस पर विचार व्यक्त किया। इसके उपरांत मौसमी कुमारी ने देशभक्ति गीत पर नृत्य, बालेश्वरी मंडी ने कविता पाठ, शारदा रानी ने स्लो डांस और मेघा दास, शारदा रानी व नेहा ठाकुल ने राष्ट्रभक्ति पर आधारित नाट्य प्रस्तुति दी।

ब्रह्माकुमारीज में शुरू हुई मेडिटेशन पर कार्यशाला

JAMSHEDPUR : प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सोनारी में मेरीन ड्राइव स्थित यूनिवर्सल पीस पैलेस रिट्रीट सेंटर में सोमवार को आठ दिवसीय प्रशिक्षण व कार्यशाला शुरू हुई। कोल्हान क्षेत्र की वरिष्ठ राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी अंजू ने कहा 4 व 5 फरवरी को सेंटर से जुड़े सभी भाई-बहनों के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र होगा। 6, 7 व 8 फरवरी को विभिन्न राज्यों के लोग हिस्सा लेंगे। कोल्हान क्षेत्र के हल्दीपोखर, बलरामपुर, बहरागोड़ा, गालूडीह, चांडिल, टाटीसिलवे, पतरातू, हजारीबाग, बरही आदि से भी भाई-बहन शामिल होंगे।

नक्शा विचलन करने वाले 24 भवनों पर अतिक्रमण हटाने का मिला था ऑर्डर, जेएनएसी ने की कार्रवाई

हाईकोर्ट के आदेश पर इमारतों में शुरू हुई तोड़फोड़, सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

PHOTON NEWS JSR : झारखंड हाईकोर्ट के आदेश पर जेएनएएसी ने सोमवार को बिष्टुपुर और साकची के बाराद्वारी में नक्शा विचलन करने वाली दो इमारतों में तोड़फोड़ की जो कार्रवाई शुरू की थी, वह सुप्रीम कोर्ट का आदेश आते ही रोक दी गई। यह कार्रवाई सुबह 11 बजे आरंभ की गई थी और लगभग दो बजे सुप्रीम कोर्ट का आदेश आ गया। इसके बाद कार्रवाई रोक दी गई है। अब नक्शा विचलन वाली इमारतों पर तब तक कार्रवाई नहीं होगी, जब तक सुप्रीम कोर्ट का अगला आदेश नहीं आ जाता।

गौरतलब है कि हाई कोर्ट के आदेश पर सुबह जमशेदपुर शहर की 24 इमारतों से अतिक्रमण हटाने का काम शुरू हो गया था। जेएनएसी की इस कार्रवाई में सुबह लगभग 11 बजे से दो टीमें जुट गई थीं। एक टीम बिष्टुपुर का इलाका देख रही थी तो दूसरी टीम साकची का इलाका। बिष्टुपुर में रमाडा होटल के बगल में पांचमंजिला बिल्डिंग में नक्शा विचलन पाया गया है। जेएनएसी से इसका जी प्लस थ्री का नक्शा पास है, जबकि यहां पांच फ्लोर बना दिया गया है। इसके दो फ्लोर तोड़े जाएंगे। जेएनएसी के उपनगर आयुक्त कृष्ण कुमार खुद यहां मौजूद थे। इसके अलावा, भारी पुलिस फोर्स भी लगाई गई थी, ताकि किसी तरह का विरोध अगर हो तो उसका सामना किया जा सके। बिल्डिंग के ऊपरी फ्लोर पर बने एक कमरे की छत को हथौड़े से धीरे-धीरे तोड़ने का काम चल रहा था। तभी, दो बजे अचानक खबर आ गई कि सुप्रीम कोर्ट ने कार्रवाई पर रोक लगा दी है। इसके बाद कार्रवाई रोक दी गई। इसके अलावा, साकची में बाराद्वारी समेत अन्य इलाके में चिह्नित इमारतों को तोड़ा जाना था। बाराद्वारी की एक इमारत से नक्शा विचलन खत्म करने की कार्रवाई शुरू की गई थी। जेएनएसी के नगर प्रबंधक ने बताया कि यह इमारत होल्डिंग नंबर 47 पर बनी है। इसका नक्शा जेएनएसी से ग्राउंड प्लस है। मगर, इसे पांच मंजिला बना दिया गया है। इसके ऊपर के दो फ्लोर अवैध तरीके से नक्शा में विचलन कर बनाए गए हैं। यहां भी जेएनएसी की टीम कटर और हथौड़े के सहारे ऊपर के फ्लोर को तोड़ रही थी कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश आ गया। इसके बाद कार्रवाई रोक दी गई है।

जेएनएसी के उपनगर आयुक्त कृष्ण कुमार ने बताया कि हाई कोर्ट के आदेश पर यह कार्रवाई हो रही थी। 24 इमारतों में नक्शा विचलन पाया गया है। किसी में फ्लोर का विचलन है, तो किसी में नक्शे के अनुरूप कार्य नहीं हुआ है। किसी इमारत में बेसमेंट को पार्किंग के तौर पर नक्शे में दिखाया गया है।

बिष्टुपुर स्थित इसी भवन में तोड़फोड़ करते मजदूर ● फोटोन न्यूज

हाईकोर्ट में दायर की गई थी रिट

गौरतलब है कि इस मामले में हाई कोर्ट में रिट दायर की गई थी। इसी मामले में हाई कोर्ट ने नक्शा विचलन हटाने का आदेश दिया है। इसी के बाद 24 इमारतों की सूची तैयार की गई है। जेएनएसी के उपनगर आयुक्त ने बताया कि सभी इमारत के मालिकों को नोटिस जारी कर दी गई है। सभी को तीन नोटिसें दी गई हैं और इसी के बाद कार्रवाई शुरू की गई थी।

तोड़ी जा रही पांच मंजिला अवैध इमारत

रमाडा होटल के बगल में जो बिल्डिंग तोड़ी जा रही है उसके मालिक का कहना था कि उन्होंने नक्शा विचलन को नियमित करने के लिए जुमार्ना भी भरा था। लेकिन इसके बावजूद उनकी बिल्डिंग तोड़ी जा रही है। गौरतलब है कि कुछ साल पहले नगर विकास विभाग की तरफ से नक्शा विचलन को नियमित करने के लिए एक आदेश जारी किया गया था। लेकिन उसकी कुछ शर्तें थीं।

बिना आवेदन मंजूर हुए जमा कर दिया था पैसा

ज्यादातर इमारतें उन शर्तों में नहीं आ रही थीं। इसके बावजूद लोगों ने अपनी तरफ से कुछ रकम सरकार के खाते में जमा कर दी और उसी को इमारत के मालिक यह बता रहे हैं कि उन्होंने सरकार को नियमितीकरण का पैसा दिया है। जबकि, जेएनएसी के अधिकारी पहले से कहते रहे हैं कि जब उनसे पैसा मांगा ही नहीं गया तो उन्होंने पैसा जमा कैसे कर दिया। नियमानुसार मलिक को आवेदन देना था। इसके बाद जेएनएसी के इंजीनियर मौके का जायजा लेते और यह बताते हैं कि यह विचलन नियमित होने योग्य है। इसी के बाद पैसा जमा होना था। लेकिन लोगों ने बिना जांच कराए ही पैसा जमा कर दिया था।

कदमा में ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी पर गाड़ी चढ़ाने वाले तीन गिरफ्तार

PHOTON NEWS JSR : कदमा में टोल ब्रिज पर तैनात पुलिसकर्मी हीरालाल महतो पर कुछ अपराधियों ने 4 जनवरी को डिजायर कार चढ़ा दी थी। पुलिस ने इस मामले के आरोपी तीन युवकों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। पकड़े गए युवक टुइलाडुंगरी के अमनदीप सिंह, कदमा के फार्म एरिया क्वार्टर नंबर-22 निवासी अंकित मुखी और कदमा के धतकीडीह स्ट्रेट माइल रोड निवासी आदित्य मुखी हैं। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त सफेद रंग की मारुति सुजुकी डिजायर भी जब्त कर ली है। तीनों ने अपना अपराध कबूल कर लिया है। कदमा के थाना प्रभारी ने बताया कि 4 जनवरी को जवान हीरालाल महतो टोल ब्रिज पर ड्यूटी कर रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार कार आती हुई दिखाई दी। हीरालाल महतो ने कार को रोकने का इशारा किया। लेकिन, कार नहीं रुकी। बल्कि कार ने हीरालाल महतो को टक्कर मार दी। इस हादसे में हीरालाल महतो गंभीर रूप से घायल हुए। हीरालाल महतो के आवेदन पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ जान मारने की नीयत से गाड़ी चढ़ाने का मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास की सीसीटीवी फुटेज खंगाली और मुखबिरों का जाल फैलाया। पुलिस को सूचना मिली थी कि घटना को अंजाम देने में गोलमुरी के टुइलाडुंगरी का रहने वाला अमनदीप सिंह शामिल है। इस पर पुलिस ने सबसे पहले अमनदीप सिंह को उठाया। उससे पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया और सारी बात उगल दी। उसने बताया कि इस घटना में उसके साथ कदमा के फार्म एरिया स्टाफ क्वार्टर रोड का रहने वाला अंकित मुखी और कदमा के ही धतकीडीह स्ट्रेट माइल रोड का रहने वाला आदित्य मुखी भी शामिल थे। इसके बाद पुलिस ने अमनदीप और आदित्य को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

पुलिस गिरफ्त में आरोपी ● फोटोन न्यूज

गिरिडीह में रंगकर्मियों ने किया 'सुदामा के चावल' का मंचन

JAMSHEDPUR : गिरिडीह की प्रतिष्ठित नाट्य संस्था कला संगम द्वारा आयोजित 25वें अखिल भारतीय बहुभाषी नाट्य एवं लोकनृत्य महोत्सव (29 जनवरी से 1 फरवरी) में जमशेदपुर की नाट्य संस्था पथ (पीपुल्स एसोसिएशन फॉर थिएटर) के कलाकारों ने अंतिम दिन हरिशंकर परसाई की प्रसिद्ध कृति नाटक 'सुदामा के चावल' का मंचन किया। नाट्य संस्था के निर्देशक मो. निजाम प्रतियोगिता के निर्णायक भी थे। इस नाटक में सुदामा-कृष्ण प्रसंग के पुनर्पाठ के माध्यम से सत्ता, नौकरशाही और नैतिक पतन पर तीखा व्यंग्य प्रस्तुत किया। दान और मित्रता की पारंपरिक कथा को पलटते हुए इस प्रस्तुति ने 'दो मुट्ठी चावल' की कथा को भ्रष्ट तंत्र, 'खुरचन' की संस्कृति, छवि-प्रबंधन और समझौतापरस्त नैतिकता के रूपक के रूप में सामने रखा। सुदामा के आत्म-स्वीकृत 'सौदे' के जरिए नाटक ने आज की व्यवस्था में व्याप्त लालच, दिखावे और प्रशासनिक अमानवीयता को प्रभावी ढंग से उजागर किया, जहां करुणा की जगह प्रचार और सत्य की जगह सुविधाजनक मिथक स्थापित हो जाते हैं।

गोविंदपुर : कुएं में गिरकर बच्चे की मौत, जांच में जुटी पुलिस

JAMSHEDPUR : पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत परसुडीह थाना क्षेत्र के छोटागोविंदपुर स्थित बजरंग नगर में पांच वर्षीय बच्चे की कुएं में गिरने से मौत हो गई है। बच्चे का नाम शिवम कैवर्तो है। घटना रविवार देर रात की है। जैसे ही लोगों को पता चला कि बच्चा कुएं में गिर गया है, इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने टाटा स्टील के गोताखोर मजहरुल बारी को बुलवाया। मजहरुल बारी देर रात मौके पर पहुंचे और पुलिस के आग्रह पर कुएं में जाकर कड़ी मशक्कत के बाद शिवम कैवर्तो को बाहर निकाला। लेकिन, तब तक शिवम कैवर्तो की मौत हो चुकी थी। अभी यह नहीं पता चल पाया है कि बच्चा कुएं में कैसे गिरा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कुएं में डूबा शिवम सरायकेला-खरसावां जिले के जोहाडीह गांव का रहने वाला था। वह स्कूल की छुट्टी होने पर अपने नाना के यहां घूमने आया था। वह रविवार को बच्चों के साथ खेलने निकला था। लेकिन, देर तक नहीं लौटा तो लोगों ने खोजबीन शुरू की। तब पता चला की वह कुएं में गिर गया है।

शिवम कैवर्तो की फाइल फोटो

एक चालक पर कार्रवाई के विरोध में स्कूली वाहन चालकों ने की हड़ताल

बिरसानगर थाना ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में की है कार्रवाई

PHOTON NEWS JSR : जमशेदपुर में सोमवार से स्कूल वैन और स्कूल ऑटो चालकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू हो गई है। इस हड़ताल की वजह से अभिभावकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इससे टेल्को, गोलमुरी, बिरसानगर, बारीडीह, टिनप्लेट आदि इलाके ज्यादा प्रभावित रहे। अभिभावकों को अपने बच्चों को खुद स्कूल पहुंचाना पड़ा और वहां से छुट्टी होने पर घर लाना पड़ा। बताया जा रहा है कि करीब 2000 स्कूली वैन और ऑटो चालक सोमवार को हड़ताल पर रहे। ऑटो चालकों का कहना है की कुछ दिन पहले बिरसानगर थाना की पुलिस ने टेल्को के एलएफएस इंग्लिश स्कूल से जुड़े एक मामले में वाहन चालक मन्नू पांडे को पोक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर 27 जनवरी को जेल भेज दिया था। मन्नू पांडे पर आरोप है कि उसने पांच साल की बच्ची से वैन में ही दुष्कर्म किया था। पीड़िता के अभिभावक की शिकायत पर पुलिस ने मन्नू पांडे को गिरफ्तार किया। बच्ची की मेडिकल जांच कराई गई, जिसमें दुष्कर्म की पुष्टि हुई थी। इसके बाद पुलिस ने मन्नू पांडे को जेल भेज दिया था। ऑटो और वैन चालक इसी मुद्दे को लेकर हड़ताल कर रहे हैं। उनका कहना है कि मन्नू पांडे को छोड़ा जाए। जबकि, पुलिस का कहना है कि मन्नू पांडे के खिलाफ तगड़े सबूत हैं। इसी के चलते उसे जेल भेजा गया है।

स्कूल के पास बच्चों के साथ अभिभावक

अभिभावकों का कहना है कि मन्नू पांडे पर संगीन आरोप हैं। इस तरह उसके समर्थन में हड़ताल करना ठीक नहीं है। अभिभावकों का कहना है कि स्कूली ऑटो और वैन चालकों को चाहिए कि वह अदालत पर भरोसा रखें। अदालत में केस चलेगा और सबूत के आधार पर फैसला होगा।

सोनारी में 7 को होगा भव्य श्याम वार्षिक महोत्सव

JAMSHEDPUR : सोनारी स्थित लक्ष्मी नारायण मारवाड़ी मंदिर में 7 फरवरी को 23वां श्री श्याम वार्षिक महोत्सव मनाया जाएगा। इसका आयोजन श्रीश्याम सेवा संघ सोनारी द्वारा किया जा रहा है। इस संबंध में संस्था के अशोक दीवान ने बताया कि आयोजन में आकर्षण का केंद्र श्याम बाबा का भव्य दरबार, छप्पन भोग, अखंड ज्योत व विद्युत सज्जा रहेगा। इस वर्ष भजनो की अमृत वर्षा सुप्रसिद्ध भजन गायक आदर्श दधीच एवं मंच संचालन घाटशिला के शुभम अग्रवाल करेंगे। दोपहर में विशाल शोभा यात्रा निकलेगी, जो दोपहर 12.30 बजे से सोनारी राम मंदिर से प्रारंभ होकर सोनारी के मुख्य मार्ग से होते हुए मारवाड़ी मंदिर तक आएगी। इसे सफल बनाने में श्याम अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, मनीष गर्ग, चेतन अग्रवाल, बजरंग वर्मा, राहुल अग्रवाल, विजय गुप्ता, विवेक अग्रवाल आदि सक्रिय हैं।

साकची से लापता किशोर महाराष्ट्र में बरामद

सीतारामडेरा थाना क्षेत्र में रहने वाला बच्चा 9 जनवरी को अचानक हो गया था लापता

PHOTON NEWS JSR : सीतारामडेरा थाना क्षेत्र के इंद्रानगर ह्यूम पाइप एरिया निवासी 14 वर्षीय किशोर के लापता होने के मामले का पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया है। साकची से 9 जनवरी को अचानक गायब हुए किशोर को पुलिस टीम ने महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले से सुरक्षित बरामद कर लिया। इस पूरे मामले की जानकारी सोमवार को डीएसपी सुनील चौधरी ने पुलिस कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में दी।

डीएसपी ने बताया कि किशोर के लापता होने के तीन दिन बाद उसके परिजन सीतारामडेरा थाना पहुंचे और गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच शुरू की। जांच के क्रम में साकची और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए, जिससे अहम सुराग हाथ लगे। तकनीकी साक्ष्यों और मिले इनपुट के आधार पर पुलिस को यह पता चला कि किशोर महाराष्ट्र की ओर गया है।

इसके बाद पुलिस की टीम ने महाराष्ट्र पुलिस से समन्वय स्थापित किया और संयुक्त कार्रवाई करते हुए बुलढाणा जिले से किशोर को सकुशल बरामद कर लिया। बरामदगी के बाद किशोर को उसके परिजनों के हवाले करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। डीएसपी ने कहा कि राहत की बात है कि बच्चा पूरी तरह सुरक्षित है और उसके साथ किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई है।

इस अभियान में डीएसपी सुनील चौधरी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था, जिसमें अकरम रजा, रोहित कुमार साव, साकची थाना प्रभारी आनंद कुमार मिश्रा, एएसआई हरि महतो, सुजीत कुमार और राजीव कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

परिजनों के साथ बरामद किशोर व पुलिस के जवान

समस्या | जनता की शिकायत पर सरयू राय ने किया पारडीह काली मंदिर से डेंटल कॉलेज तक निरीक्षण

एनएच-33 पर धूल के गुबार से राहगीर हो रहे परेशान

PHOTON NEWS JSR : जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने सोमवार को पारडीह काली मंदिर से डेंटल कॉलेज तक एनएच-33 के पर बन रहे ऊपरी पथ के निर्माण के संबंध में जन शिकायतों को लेकर स्थल निरीक्षण किया। उनके साथ एनएचआई के अफसर और अभियंता भी थे। राय और टीम ने पारडीह से लेकर बालीगुमा तक के क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्य का अवलोकन किया। इस संबंध में सरयू राय ने शिकायतों को दूर करने के लिए एनएचएआई के अफसरों को आवश्यक निर्देश दिया। सरयू राय ने बताया कि एक शिकायत यह थी कि जगह-जगह पर निर्माण के दौरान काफी धूल उड़ती है। इससे लोगों को परेशानी हो रही है। दूसरी शिकायत यह थी कि निर्माण के दौरान सड़क के इस पार से उस पार जाने के लिए बहुत कम स्थानों पर क्रॉस रोड बनाया गया है। तीसरी शिकायत यह थी कि कोलकाता और रांची की तरफ से आने वाले लोगों को शहर में उतरने के लिए रैम्प दिया गया है, लेकिन वहां काफी संकरापन हो जा रहा है, जहां रैंप उतर रहा है। राय ने अफसरों से कहा कि जहां भी मिट्टी धूल में बदल गई है, वहां पानी का गहरा छिड़काव किया जाए। जहां धूल की मोटी परत जम गई है, उसे पोकलेन से हटवाएं। अफसरों ने इसके लिए हामी भरी। राय ने बताया कि जिन तीन स्थानों पर रैंप गिर रहा है (पारडीह चौक के पास, एक डिमना चौक के पहले और एक डिमना चौक के बाद) वहां रास्ता संकीर्ण हो जा रहा है। भारी वाहनों को ले जाना मुश्किल हो जा रहा है, क्योंकि बीच में नाला पड़ जाता है। राय ने अफसरों से कहा कि जितनी दूर तक रैंप के किनारे नाला है, उतनी दूर तक नाला के ऊपर डाले गए ढक्कन के स्थान पर मजबूत पीसीसी ढाला जाए, ताकि उस पर भारी वाहन आ-जा सकें। अफसरों ने कहा कि जहां जरूरत होगी, वहां इसे किया जाएगा। सरयू राय ने बताया कि सड़क के इस पार से उस पार जाने के लिए जहां भी क्रॉस रोड की जरूरत है, वहां क्रॉस रोड बना दिया जाए। जहां भीतर का काम हो रहा है, उसको दोनों तरफ दीवार जैसा टीना खड़ा कर दें, ताकि बाहरी धूल न आ सके। इस पर भी सहमति बनी। अफसरों ने कहा कि उनके सुझाव के अनुसार नया डिजाइन बनाएंगे और उन्हें दिखाएंगे।

एनएच पर सड़क का निरीक्षण करते विधायक सरयू राय ● फोटोन न्यूज

ब्लास्टिंग से कासमार गांव के घरों में आई दरार

JAMSHEDPUR : जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय मंगलवार को पूर्वी सिंहभूम जिला के डुमरिया प्रखंड स्थित कामार गांव का दौरा करेंगे। वहां भारी ब्लास्टिंग से घरों में दरार आ गई है, तो जलस्तर भी काफी नीचे चला गया है। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने सरयू राय से मिलकर की। सरयू राय ने बताया कि कासमार गांव के ग्रामीण उनके बिष्टुपुर स्थित आवास- कार्यालय पर मिलने आए थे। ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि डुमरिया के अंचल अधिकारी द्वारा दी गई गलत सूचना के आधार पर जिला खनन पदाधिकारी, पूर्वी सिंहभूम ने उनके गांव के समीप पत्थर खनन का पट्टा स्वीकृत कर दिया है। ग्रामीणों ने अंचल अधिकारी द्वारा निर्गत किया गया पत्र भी दिखाया, जिसमें कुछ बिंदुओं में गलत उल्लेख है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें दूसरे गांव से पीने का पानी लाना पड़ रहा है।

एचसीएल-आईसीसी कंपनी ने 299 ठेका मजदूरों को बैठाया

कंपनी गेट के बाहर विरोध प्रदर्शन करते श्रमिक ● फोटोन न्यूज

GHATSILA : एचसीएल-आईसीसी प्रबंधन ने रविवार से 299 ठेका मजदूरों को काम से बैठा दिया। इसके बाद सोमवार को झारखंड श्रमिक संघ का प्रतिनिधमंडल कंपनी प्रबंधन से मिला। अध्यक्ष काजल डान के नेतृत्व में कंपनी के जीएम-माइंस दीपक श्रीवास्तव, चीफ मैनेजर कमलेश कुमार व चीफ मैनेजर अर्जुन लोहरा से मिलकर मजदूरों को काम से बैठाने पर आपत्ति जताई। प्रबंधन ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया में तकनीकी देरी होने के कारण मजदूरों को बैठाना पड़ा है, जैसे ही प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी, पुनः मजदूरों को बुला लिया जाएगा। संघ के अध्यक्ष ने इसकी जानकारी विधायक सोमेश चंद्र सोरेन को फोन पर दी। विधायक ने 4 फरवरी को शाम 4.30 बजे बैठक करने की बात कही। प्रतिनिधिमंडल में संघ के सदस्य शंभू जेना, कमल दास, आजाद बेहरा, मदन मुर्मू, मंटू माहली, गुमदा मुर्मू, एंथोनी सिगार, पप्पू सिंह, गुरमीत सिंह, अनिल रवानी,सुनील सिंह आदि शामिल थे।

दो महिलाओं सहित अंतर जिला चोर गिरोह के पांच गिरफ्तार

AGENCY ARARIA : बिहार में अररिया के फारबिसगंज अनुमंडल क्षेत्र में लगातार बंद घरों में हो रही चोरी की वारदात के पीछे काम कर रहे गिरोह का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। बंद घरों का रेकी कर फिर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अंतर जिला चोर गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। इनके पास से स्वणार्भूषण समेत नगद भारतीय और नेपाली करेंसी के साथ चोरी के लिए प्रयुक्त किए जाने वाले उपकरण को बरामद किया है। इस बात की जानकारी एसपी जितेन्द्र कुमार ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी।

मामले की जानकारी देते एसपी जितेंद्र कुमार

पुलिस ने गिरोह के सदस्यों में मुजफ्फरपुर जिला मीनापुर तुर्की वार्ड संख्या 31 के रहने वाले 28 वर्षीय राजा चौधरी, सहरसा के गंजाला वार्ड संख्या 18 के 28 वर्षीय मो. बुचो पिता मो.फिदा हुसैन, 30 वषीर्या मकिना खातून पति मो. बुचो, फारबिसगंज के कटहरा वार्ड संख्या एक निवासी 35 वषीर्या बसंती देवी पति रणजीत मंडल और झारखंड के गोड्डा जिला के मेहरबा थाना क्षेत्र के बरहट दीघी वार्ड संख्या 3 के रहने वाले 27 वर्षीय शशि पासवान पिता संजय पासवान को गिरफ्तार किया है। एसपी जितेंद्र कुमार ने बताया कि बंद घरों में लगातार हो रही चोरी की घटना को लेकर फारबिसगंज एसडीपीओ के नेतृत्व में बथनाहा थानाध्यक्ष, फुलकाहा थानाध्यक्ष और डीआईयू की टीम के साथ एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया था। छापामारी दल द्वारा सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी अनुसंधान और सूचना संकलन कर चोरी की घटना में संलिप्त लोगों की शिनाख्त की, जिसके बाद सबों को अलग अलग स्थानों से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार गिरोह के सदस्यों ने पुलिस को बताया कि चोरी के लिए एक संगठित गिरोह काम करता है, जो पहले बंद घरों का रेकी करता है और फिर चोरी की वारदात को अंजाम देता है। एसपी ने बताया कि जिले के कई थाना क्षेत्र में हुए चोरी की घटना में गिरोह की संलिप्तता की बात सामने आई है। जिसको लेकर सभी कांडों में गिरफ्तार गिरोह के सदस्यों को रिमांड पर ली जाएगी। फिलहाल चोरों को बथनाहा थाना कांड संख्या 14/2026 दिनांक 30.01.26 धारा 305, 331(4) बीएनएस में सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। गिरोह के सदस्यों के पास से चांदी का पायल एक, जोड़ा पायल एक, चांदी का सिक्का, मछली, अंगूठी, दो सोने की सिकड़ी, कान की बाली, लोहे का चार रिंच,पांच एंड्रॉयड मोबाइल, तीन कीपैड मोबाइल, एक पेचकस, एक लोहे की आरी, 29 हजार 670 भारतीय रुपए, 38 सौ नेपाली रुपए, दो लोहे का रॉड आदि बरामद किया गया है।

NEWS BOX

ट्रेन की चपेट में आकर महिला की मौत, पहचान में जुटी पुलिस

AGENCY BUXAR : दानापुर रेल मंडल के अंतर्गत टुड़ीगंज स्टेशन के पश्चिमी छोर के पास सोमवार की दोपहर बाद एक दर्दनाक हादसा हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक महिला दक्षिण दिशा से रेलवे ट्रैक पार कर उतर दिशा की ओर जा रही थी। इसी दौरान अप लाइन पर तेज रफ्तार से आ रही मेल ट्रेन की चपेट में वह आ गई। हादसा इतना भीषण था कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रेन की टक्कर से महिला का शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया, जिससे उसकी पहचान करना मुश्किल हो गया है। घटना के बाद स्टेशन के आसपास अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर बक्सर रेल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की। बक्सर रेल थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि मृत महिला की पहचान की जा रही है। आसपास के थानों को भी सूचना दे दी गई है। मामले की जांच जारी है।

दाखिल-खारिज के लंबित मामलों में सीओ से मांगा गया स्पष्टीकरण

AGENCY BUXAR : जिला पदाधिकारी साहिला की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक समाहरणालय में आयोजित हुयी। बैठक में जिले में

संचालित राजस्व एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि राजस्व महा अभियान एवं ई-मापी अभियान 31 मार्च तक संचालित किया जा रहा है। इस संबंध में भूमि सुधार उप समाहर्ता बक्सर/डुमराँव को प्रतिवेदन समर्पित करने तथा अभियान के अंतर्गत प्रत्येक दो दिनों पर प्रगति प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया गया। सभी अंचलाधिकारियों को भूमि उपलब्धता से संबंधित प्रतिवेदन एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही भूमि बैंक, आर्द्र भूमि, अतिक्रमण एवं विभिन्न प्रयोजनों से संबंधित प्रतिवेदन भूमि सुधार उप समाहर्ता बक्सर को सौंपने का आदेश दिया गया। अंचल रैंकिंग, अतिक्रमण एवं न्यायालय से जुड़े लंबित मामलों को लेकर राजस्व अधिकारी सिमरी का वेतन स्थगित करने तथा नगर परिषद बक्सर के कार्यपालक पदाधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा गया। दाखिल-खारिज, भूमि विवाद, ई-मापी आदि मामलों के समयबद्ध निष्पादन पर जोर देते हुए 75 दिन से अधिक लंबित मामलों को लेकर अंचलाधिकारी इटाढ़ी, चौसा एवं राजपुर से स्पष्टीकरण मांगा गया। इसके अतिरिक्त, जियो टैगिंग एवं आवास प्लस सर्वे में रुचि नहीं लेने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नावानगर से स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया।

गृह सचिव ने सुनी जनता की समस्याएं, हुआ त्वरित समाधान

AGENCY PATNA : बिहार के गृह सचिव सह कारा महानिरीक्षक प्रणव कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को जन-सुनवाई का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम सुबह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक चला। जन-सुनवाई के दौरान गृह सचिव ने सभी मामलों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी निष्पादन के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को जनसमस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता, तत्परता और जवाबदेही सुनिश्चित करने पर विशेष बल देने को कहा। इस अवसर पर प्रणव कुमार ने बताया कि ₹सबका सम्मान-जीवन आसान₹ अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करना और प्रशासन तथा जनता के बीच विश्वास को और मजबूत बनाना है। गृह विभाग के तहत इस योजना के अंतर्गत सोमवार को सुबह 11:00 से 01:00 तथा शुक्रवार को अपराह्न 03:00 से 05:00 दो दिन जन-सुनवाई आयोजित की जाती है। इसमें विभाग के अपर मुख्य सचिव, सचिव और विशेष सचिव फरियादियों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनते हैं और प्रभावी निष्पादन के लिए आवश्यक दिशानिर्देश देते हैं।

BRIEF NEWS

हर्षोल्लासपूर्वक मनाई गई संत रविदास की जयंती

BHAGALPUR : आनन्दराम ढांढनियां सरस्वती विद्या मंदिर भागलपुर में सोमवार को संत रविदास जी की जयंती हर्षोल्लासपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य सुमंत कुमार, कार्यक्रम प्रमुख श्वेता झा एवं कक्षा एकादश के भैयाझबहनों द्वारा संत रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर कक्षा एकादश के भैया-बहनों ने संत रविदास जी की जीवनी पर प्रकाश डाला तथा गीत एवं कविता के माध्यम से उनके विचारों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य सुमंत कुमार ने कहा कि संत रविदास जी एक महान संत एवं समाज सुधारक थे, जिन्होंने अपने जीवन में गरीबों और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किया।

डायन का आरोप लगा कर की गई मारपीट

BHAGALPUR : डायन के आरोप में मारपीट की घटना में घायल भागो देवी, उसकी पुत्री आरती कुमारी, दूसरी पुत्री पूजा कुमारी, उसके पति और बेटे को इलाज के लिए सोमवार को मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिसमें कई घायल की हालत नाजुक बनी हुई है। मामला चौसा थाना क्षेत्र का है। मारपीट का आरोप किरो देवी, केली देवी, फूली देवी, बीरन देवी और भूलचरण मंडल पर लगा है। सभी के सिर और शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। मामले को लेकर घायल भागो देवी ने बताया कि पड़ोस के रहने वाले भूलचरण मंडल उसे डायन कहकर प्रताड़ित करता है।

नौ को होगा रोजगार मेला का आयोजन

SARAN : श्रम संसाधन विभाग, बिहार के तत्वावधान में अवर प्रादेशिक नियोजनालय छपरा द्वारा आगामी 09 फरवरी 2026 को शहर के राजेन्द्र स्टेडियम में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले की खास बात यह है कि इसमें कई स्थानीय और बाहरी कंपनियां शिरकत कर रही हैं। कंपनियों द्वारा अधिसूचित रिक्तियों के आधार पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन मौके पर ही किया जाएगा।

बिहार विधानसभा में पेश हुआ 2025-26 का आर्थिक सर्वेक्षण

राज्य की विकास दर राष्ट्रीय औसत से 3.3 प्रतिशत अधिक

AGENCY PATNA : बिहार विधानमंडल में सोमवार को बजट सत्र-2026 के पहले दिन वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने नीतीश सरकार की ओर से बिहार विधानसभा में वर्ष 2025-26 का आर्थिक सर्वेक्षण प्रस्तुत किया। आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट में बताया गया कि बिहार की विकास दर राष्ट्रीय औसत से 3.3 प्रतिशत अधिक है, जो राज्य की तेज आर्थिक प्रगति को दर्शाता है।

आर्थिक सर्वेक्षण पेश करने के बाद आयोजित पत्रकार वार्ता में वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि सरकार का लक्ष्य पांच वर्षों में बिहार को विकसित राज्य बनाना है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 में प्रति व्यक्ति आय बढ़कर 76,490 रुपये हो गई है। इस अवसर पर वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर भी उपस्थित थे।

वित्त मंत्री ने कहा कि देश के अन्य राज्यों की तुलना में बिहार की विकास दर अधिक है और तमिलनाडु के बाद बिहार की विकास दर सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने शुरूआती 10 वर्षों में राज्य की मूलभूत आवश्यकताओं पर ध्यान केंद्रित किया, जिसमें बिजली, पानी और सड़कों का व्यापक नेटवर्क पूरे बिहार में विकसित किया गया। अब आगामी पांच वर्षों में सरकार का विशेष जोर औद्योगिकरण पर होगा, जिससे प्रति व्यक्ति आय को दोगुना किया जा सके।

बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का संकल्प है कि अगले पांच वर्षों में बिहार को विकसित राज्य बनाया जाए। 'संपन्न बिहार, समृद्ध बिहार' के लक्ष्य की दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले बजट में विकास की इस सोच की झलक साफ दिखाई देगी।

वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर ने बताया कि आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार वर्ष 2024-25 के त्वरित अनुमान में बिहार का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 2011-12 के स्थिर मूल्य पर 8.6 प्रतिशत और वर्तमान मूल्य पर 13.1 प्रतिशत रहा है। इस दौरान जीएसडीपी बढ़कर क्रमशः 5,31,372 करोड़ रुपये और 9,91,997 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान मूल्य पर बिहार की विकास दर 13.1 प्रतिशत रही, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह 9.8 प्रतिशत है, यानी बिहार राष्ट्रीय औसत से 3.3 प्रतिशत बेहतर प्रदर्शन कर रहा है।

आनंद किशोर ने बताया कि आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार बिहार में प्रति व्यक्ति सकल राज्य घरेलू उत्पाद वर्तमान मूल्य पर 2020-21 में 46,412 रुपये से बढ़कर 2024-25 में 76,490 रुपये हो गया है। वहीं, 2011-12 के स्थिर मूल्य पर यह आंकड़ा 30,159 रुपये से बढ़कर 40,973 रुपये पहुंच गया है। यह राज्य की अर्थव्यवस्था में लगातार सुधार का संकेत है।

राज्य सरकार की राजस्व प्राप्ति में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2020-21 में 1.28 लाख करोड़ रुपये रही राजस्व प्राप्ति 2024-25 में बढ़कर 2.18 लाख करोड़ रुपये हो गई है। कुल राजस्व में कर प्राप्ति का हिस्सा 70 प्रतिशत से बढ़कर 84 प्रतिशत हो गया है, जबकि राजस्व और सहायता अनुदान का हिस्सा क्रमशः घटा है।

विधानसभा में उपस्थित मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व अन्य मंत्री

शोक प्रस्ताव के बाद कार्यवाही स्थगित, आज 11 बजे फिर बैठेगा सदन

PATNA : बिहार विधानमंडल में बजट सत्र-2026 के पहले दिन सोमवार को शोक प्रस्ताव के बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। सदन में प्रस्तुत शोक प्रस्ताव के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठित व्यक्तियों के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की गई। इनमें महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री स्व. अजीत पवार, बिहार के पूर्व राज्यसभा सदस्य स्व. राजनीति प्रसाद, बिहार विधानसभा के पूर्व सदस्य स्व. अशोक चौधरी, बिहार विधानसभा की पूर्व सदस्य स्व. वीणा वादिनी पाण्डेय, प्रसिद्ध साहित्यकार एवं वरिष्ठ पत्रकार स्व. अवधेश प्रीत तथा अम्बेडकरवादी समाजसेवी स्व. बुद्धशरण हंस के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। सदन के सभी सदस्यों ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए मौन रखा और उनके योगदान को स्मरण किया। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने सदन की कार्यवाही मंगलवार को पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित करने की घोषणा की।

राज्यपाल के अभिभाषण में हर जगह हरियाली लेकिन वास्तविकता उससे अलग : तेजस्वी यादव

AGENY PATNA : बिहार विधानमंडल के बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के अभिभाषण पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने राज्यपाल के संबोधन को सरकार का 'वही पुराना और रटा-रटाया भाषण' करार देते हुए कहा कि इसमें कुछ भी नया नहीं है और यह जमीनी सच्चाई से कोसों दूर है। तेजस्वी यादव ने कहा कि वे पिछले 10 वर्षों से सदन में हैं और इस दौरान चाहे कोई भी राज्यपाल आए हों, सभी ने सरकार द्वारा दिया गया वही भाषण पढ़ा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण में हर जगह हरियाली और विकास की तस्वीर दिखाई गई है, लेकिन वास्तविक बिहार की स्थिति इससे बिल्कुल अलग है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाषण में जिन कई योजनाओं का जिक्र किया गया है, वे ऐसी योजनाएं हैं जिन्हें सरकार ने सत्ता में आने से पहले राष्ट्रीय जनता दल की योजनाओं से कॉपी किया है। तेजस्वी ने कहा कि सरकार केवल कागजों पर विकास दिखा रही है, जबकि आम जनता आज भी बुनियादी समस्याओं से जूझ रही है। कानून-व्यवस्था को लेकर भी तेजस्वी यादव ने सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बिहार में कानून-व्यवस्था की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। राज्य में दिनदहाड़े हत्या, बलात्कार, लूट, अपहरण और गोलीकांड जैसी घटनाएं लगातार हो रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार सुशासन का दावा करती है, लेकिन हकीकत में अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाते हुए तेजस्वी ने कहा कि बिहार में कई सरकारी योजनाओं में व्यापक भ्रष्टाचार व्याप्त है। उन्होंने कहा कि अगर कोई ब्लॉक या थाना स्तर पर जाए, तो हर जगह भ्रष्टाचार का बोलबाला साफ नजर आता है। आर्थिक स्थिति पर सवाल उठाते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि पूरे देश में आर्थिक मोर्चे पर बिहार सबसे फिसड्डी राज्य क्यों बना हुआ है। यदि बिहार में वास्तव में विकास हुआ है, तो वह अन्य राज्यों की तरह आगे क्यों नहीं बढ़ पा रहा है।

भागवत कथा के दूसरे दिन महापुराण के महात्म्य प्रसंग पर चर्चा

ARARIA : शहर के शिशु भारती विद्यालय के निकट लोक शिक्षा समिति के प्रदेश अध्यक्ष राम प्रकाश प्रसाद के निज निवास पर आयोजित आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान-यज्ञ के दूसरे दिन सोमवार को महापुराण के महात्म्य प्रसंग, सृष्टि की उत्पत्ति,भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के महत्व पर हुई चर्चा हुई। सुप्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य श्री नारायण शर्मा ने श्रीमद्भागवत महापुराण के महात्म्य प्रसंग, सृष्टि की उत्पत्ति, तथा भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के महत्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण मानव जीवन को अज्ञान से ज्ञान की ओर तथा मोह से मोक्ष की ओर ले जाने वाला दिव्य ग्रंथ है।

पटना में बनेगा अत्याधुनिक जहाज मरम्मत केंद्र, 10 को खोली जाएगी टेक्निकल बिड

AGENCY PATNA : कोच्चि वाटर मेट्रो की तर्ज पर पटना में 1200 करोड़ रुपये की लागत से वाटर मेट्रो संचालन की योजना तैयार की जा रही है। इस परियोजना के तहत जेटी निर्माण, टर्मिनल विकास और जहाजों की खरीद शामिल होगी। बिहार सरकार में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) कोटे से परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने सोमवार को इसकी जानकारी दी।

परिवहन मंत्री ने बताया कि डीपीआर राइट्स की ओर से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जा रही है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद पटना और आसपास के घाटों से नियमित फेरी सेवा के लिए 22 हाइब्रिड जहाज लाने का प्रस्ताव है। ये जहाज मात्र एक मीटर गहराई वाले पानी में भी संचालित हो सकेंगे, जिससे यात्रियों को सस्ती, सुरक्षित और सुगम परिवहन सुविधा मिलेगी।



मंत्री ने बताया कि पटना में जहाज मरम्मत केंद्र (शिप रिपेयर फैसिलिटी) के निर्माण के लिए इनलैंड वॉटरवेज अथॉरिटी ऑफ इंडिया (आईडब्ल्यूएआई) ने टेंडर प्रक्रिया तेज कर दी है। इस परियोजना की अनुमानित लागत 243.20 करोड़ रुपये है। आईडब्ल्यूएआई की ओर से जारी टेंडर के तहत टेक्निकल बिड 10 फरवरी को खोली जाएगी। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य शुरू होने के 24 महीनों के भीतर इस केंद्र को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

उपलब्धि इस प्रकार की भूमि पर साल भर जमा रहता है पानी

राज्य के 6 वेटलैंड्स को मिल चुकी है अंतरराष्ट्रीय मान्यता

AGENCY PATNA : 2 फरवरी को विश्व वेटलैंड्स दिवस मनाया गया। यह एक महत्वपूर्ण दिन है जो विश्व भर में आर्द्रभूमि के संरक्षण और महत्वता को जागरूक करने के लिए मनाया जाता है। यह बिहार के लिए भी खास है। बिहार में कई ऐसे वेटलैंड्स हैं जिसको संरक्षित करने के लिए सरकार योजना चला रही है।

इसे आर्द्रभूमि भी कहा जाता है। यानि ऐसी भूमि जहां सालभर पानी जमा होता है। भू-भाग का बड़ा क्षेत्र झील और तालाब जैसा हो। यह प्राकृतिक रूप से या मानवनिर्मित भी होता है। रामसर कन्वेंशन के अनुसार दलदल, नदियां, झीलें आदि शामिल हैं, जो 6 मीटर से कम गहराई की हो। ऐसे क्षेत्र में सालभर पानी भरा होता है। यहां की मिट्टी में ऑक्सीजन की कमी होती है, क्योंकि इस भूमि पर सालोभर पानी जमा होता है। यहां ऐसे पौधे पाए जाते हैं, जो पानी में डूबने के बावजूद जीवित रहते हैं। इस जल में मछली, कीट और जंगली जीवों का वास होता है।

वेटलैंड्स को पृथ्वी का गुदा भी कहा जाता है, क्योंकि यह पानी को शुद्ध करने में मदद करता है। यहां की भूमि बाढ़ को नियंत्रण करने में मदद करती है। बारिश और बाढ़ के दौरान इन क्षेत्रों में पानी जमा होता है, जिससे आसपास के क्षेत्रों में पानी कम जमता है।

इस क्षेत्र में सालोभर पानी जमने के कारण भू-जल स्तर को बढ़ावा मिलता है। कार्बन को अवशोषित कर ग्लोबल वार्मिंग को कम करने में मदद करता है। यह क्षेत्र जीविका के लिए अति महत्वपूर्ण माना जाता है। लाखों लोग मछली पालन और खेती कर अपना जीविका चलाते हैं। बिहार में मछली पालन और मखाना के लिए ऐसे क्षेत्र महत्वपूर्ण हैं।

बिहार में वेटलैंड्स यानी आर्द्र भूमि को संरक्षित करने की चुनौती है। वेटलैंड भूमि का दायरा काफी व्यापक है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक राज्य में करीब 4 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में वेटलैंड्स फैले हुए हैं। इनमें झीलें, तालाब, नदियों से जुड़ी जलभूमि और जलाशय शामिल हैं। राज्य के 6 वेटलैंड्स को अंतरराष्ट्रीय रामसर साइट के रूप में मान्यता मिल चुकी है, जो बिहार की जैव विविधता और पर्यावरणीय महत्व को दर्शाता है।

वेटलैंड एरिया में होता 64% प्रजनन

जमुई जिला स्थित नागी नकटी वेटलैंड मानव निर्मित बताया जाता है। बेगूसराय स्थित कावर झील, कटिहार के गोगा बिल झील उदयपुर (पश्चिम चंपारण) और गोकुल जलाशय प्राकृतिक वेटलैंड की श्रेणी में आता है। ये ऐसे इलाके हैं, जहां दुर्लभ प्रजाति के पक्षी प्रजनन, आहार और विहार के लिए आते हैं। देश में चार प्रतिशत वेटलैंड एरिया है, जिसमें 64% प्रजनन होता है।

कार्यालयों में लटके रहे ताले, हड़ताल पर गए सीओ व राजस्व अधिकारी

NAVADA : नवादा जिला मुख्यालय सहित जिले के विभिन्न राजस्व अंचलों के अंचलाधिकारी तथा राजस्व अधिकारी सोमवार से अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं इस कारण कार्यालय में ताले लटके हैं। राज्यस्तरीय संघ के आहवान पर कौआकोल सीओ मनीष कुमार एवं राजस्व अधिकारी अनीश कुमार ने बताया कि अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से अंचल कार्यालय में सन्नाटा छा गया है। जिले के सीओ एवं राजस्व अधिकारी के हड़ताल पर चले जाने से दाखिलखारिज सहित विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र निर्गत करने का काम ठप हो गया है।

छपरा की वीआईपी गली में होटल मैनेजर के भाई को मारी गोली

AGENCY SARAN : बिहार में सारण जिले के छपरा शहर के भगवान बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत वीआईपी गली में आपसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जहां बेखौफ अपराधियों ने एक युवक को गोली मार दी। गोली युवक के बाएं जांघ में लगी है। आनन-फानन में घायल को छपरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल युवक की पहचान कोपा थाना क्षेत्र के बसडीला गांव निवासी स्वर्गीय सुभाष पांडेय के पुत्र अभिषेक कुमार पांडेय के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में भर्ती अभिषेक के भाई और ललिता होटल के मैनेजर पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि वे दोनों भाई होटल में बैठे थे। इसी दौरान कोठेया निवासी

रितिक सिंह और नैनी निवासी सोनू सिंह वहां पहुंचे और अभिषेक को जबरन खींचकर गली में ले जाने लगे। पंकज के अनुसार, जब उन्होंने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो हमलावरों ने उनके साथ भी मारपीट की। इसी छीना-झपटी के दौरान अपराधियों ने अभिषेक पर फायरिंग कर दी। एक गोली सीधे उसके बाएं जांघ में जा लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्होंने दो राउंड फायरिंग की आवाज सुनी जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

मुख्यधारा के विकास से जुड़तीं महिलाएं

